● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 334, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 23 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





हम संविधान के लिए मर मिटने को तैयार: प्रियंका 5

डिविलियर्स ने दिया वापसी का हिंट 6

## महाकुंभ से पांच बड़े एलान, एक्सप्रेसवे और कई ब्रिजों की सौगात



**लखनऊ।** यूपी के प्रयागराज में बुधवार को महाकुंभ में योगी सरकार की कैबिनट बैठक हुई। इस दौरान सीएम ने मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी साझा की।

सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा हमारे तीन महत्पूर्ण नगर निगम हैं। यहां के लिए बांड जारी करने जा रहे हैं। सरकार चित्रकूट और प्रयागराज को लेकर डेवलप करेगी। इसके लिए गंगा एक्सप्रेसवे को एक्सटेंशन देंगे। इससे पर्यटन और आर्थिक दृष्टि से मजबूती मिलेगी।

इसके साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे को बुंदेलखंड से जोड़ेंगे। इससे प्रयागराज और चित्रकूट क्षेत्र में विकास को रफ्तार मिलेगी। इसके आलावा प्रयागराज से मिर्जापुर, वाराणसी और जौनपुर को जोड़ने के लिए सरकार झूंसी की तरफ एक फोरलेन ब्रिज बनाएगी।

साथ ही सिग्नेचर ब्रिज के समानानंतर एक और ब्रिज बनाया जाएगा। सीएम ने कहा कि इन सभी इन्फ्रास्ट्रक्चर का लाभ सभी को मिलेगा। साथ ही इससे प्रयागराज क्षेत्र के विकास को रफ्तार मिलेगी। सीएम ने कहा कि केजीएमयू केंद्र को मेडिकल कॉलेज के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। तीन जिलों हाथरस, कासगंज और बागपत में तीन नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। 62 आईटीआई, 5 नवाचार, अविष्कार और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सीएम योगी ने कहा विशेष कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि पूरी कैबिनेट पहली बार महाकुंभ में मौजूद है। राज्य के विकास से जुड़ी नीतियों पर चर्चा हुई। प्रयागराज से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस और रक्षा तथा रोजगार नीति को पांच साल पूरे हो गए हैं। इसे नवीनीकृत किया जाएगा। अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए नए प्रोत्साहनों की घोषणा की गई है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्री प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना की।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ प्रयागराज में प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के लिए एक विशेष नाव पर सवार हुए।

## जलगांव ट्रेन हादसे में अब तक 12 की मौत, कई घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। पचोरा के पारधाड़े स्टेशन के पास पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद अफरातफरी मच गई। यात्रियों ने चेन पुलिंग की और ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया। इसके बाद यात्री दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे में 12 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि कई यात्री घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन का कहना है कि जलगांव जिले के कलेक्टर के मुताबिक हादसे में 10 से 12 यात्रियों की मौत हुई है। वहीं विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रेय कराले ने कहा कि महाराष्ट्र के जलगांव जिले में ट्रेन दुर्घटना स्थल से 12 शव बरामद किए गए हैं। मध्य रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच में आग लगने की अफवाह के बाद पचोरा के पारधाड़े स्टेशन के पास चेन पुलिंग की गई। ट्रेन रुकने से पहले अफरातफरी में यात्रियों ने उतरना शुरू कर दिया। मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता स्वप्निल नीला ने कहा कि पुष्पक एक्सप्रेस के कुछ यात्री नीचे उतर गए और सामने से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। मंडल रेल प्रबंधक भुसावल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। रेलवे की मेडिकल टीम, रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर और स्थानीय प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच के अंदर हॉट एक्सल या ब्रेक-बाइंडिंग के कारण चिंगारी उठी और कुछ यात्री घबरा गए। उन्होंने चेन खींच दी, और उनमें से कुछ नीचे कूद गए। उसी समय कर्नाटक एक्सप्रेस बगल के ट्रैक से गुजर रही थी। महाराष्ट्र के मंत्री गुलाबराव पाटिल ने कहा वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं, जिसके बाद अधिक जानकारी मिल सकेगी। नासिक के डिवीजनल कमिश्नर प्रवीण गेदम ने बताया कि हम मौके पर हैं। एडिशनल एसपी, एसपी, कलेक्टर और सभी अधिकारी पहुंच रहे हैं। हम डीआरएम और रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। अंतिम उपलब्ध जानकारी के अनुसार आठ एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई हैं, रेलवे की अतिरिक्त बचाव वैन और रेलवे एंबुलेंस को मौके पर भेजा जा रहा है। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुष्पक ट्रेन हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने घायलों के लिए पर्याप्त चिकित्सा उपचार के आदेश दिए हैं, साथ ही यात्रियों की मौत पर भी शोक व्यक्त किया है।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अगले पांच वर्षों के लिए जारी रखने को कैबिनेट की मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अगले पांच वर्षों के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने विपणन सीजन 2025-26 के लिए कच्चे जूट के एमएसपी को 5,650 रुपये प्रति क्विंटल मंजूर किया है। मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मिशन ने पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किए हैं। गोयल ने बताया कि 2021 और 2022 के बीच लगभग 12 लाख स्वास्थ्य कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में शामिल हुए और भारत ने इस मिशन के तहत कोविड-19 महामारी से लड़ाई लड़ी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को विपणन सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दे दी, जो पिछले एमएसपी से छह प्रतिशत या 315 रुपये अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि नया एमएसपी अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर 66.8 प्रतिशत का लाभ सुनिश्चित करता है और इससे उत्पादकों को लाभ होगा। सरकार ने कच्चे जूट का एमएसपी 2014-15 के 2,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2025-26 विपणन सत्र के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है, जो 2.35 गुना वृद्धि है।

## राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में टली सुनवाई

**सुल्तानपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में बुधवार को सुनवाई टल गई। वकीलों के कार्य बहिष्कार से परिवादी भाजपा नेता से जिरह नहीं हो पाई। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने परिवादी से शेष जिरह के लिए 30 जनवरी की तिथि तय कर दी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली के सांसद राहुल गांधी पर बंगलूरू में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

## जेपीसी बैठक के विरोध में विपक्ष

### डीएमके सांसद ने जगदंबिका पाल को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की 24 और 25 जनवरी को होने वाली बैठक का विपक्ष ने विरोध किया है। विपक्ष की ओर से डीएमके सांसद ए राजा ने जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल को पत्र लिखकर बैठक स्थगित करने की मांग की है। सांसद ने कहा कि जेपीसी का राज्यों का दौरा अभी खत्म हुआ है। इतनी जल्दी संशोधनों को लेकर विचार और रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकती। उन्होंने बैठक को 30-31 जनवरी तक स्थगित करने की मांग की है। सांसद ए राजा ने पत्र में लिखा है कि पटना, कोलकाता और लखनऊ में हितधारकों से मिलने के लिए जेपीसी के दौरे के कार्यक्रम 21 जनवरी को पूरे हुए हैं। इसके बाद सभी जेपीसी सदस्य अपने राज्य और निर्वाचन क्षेत्र में दौरे और कार्यक्रमों के लिए चले गए। यह बहुत ही अजीब है कि जेपीसी की अगली बैठक की तारीखों की घोषणा बिना किसी औपचारिक चर्चा के जल्दबाजी में की गई। जबकि जेपीसी पहले से ही दौरे पर थी। उन्होंने लिखा कि लखनऊ में जेपीसी की बैठक के दौरान भी सदस्यों ने अनुरोध किया था कि इस महीने की 24 और 25 तारीख को प्रस्तावित बैठकें व्यावहारिक रूप से संभव नहीं हैं क्योंकि सदस्य अपने निर्वाचन क्षेत्र में कार्यक्रम में भाग लेने चले गए हैं। सदस्य इतने कम समय में साक्ष्यों/सामग्रियों को एकत्र करने और पेश करने में सक्षम नहीं हैं जो विधेयक में संशोधन और चर्चा के लिए आवश्यक हैं।

## जेडीयू ने मणिपुर के प्रदेश अध्यक्ष को हटाया

**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में भाजपा और जेडीयू के समर्थन को लेकर सियासी ड्रामा हुआ। पहले जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष के बीरेन सिंह ने राज्य की भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेने की बात कहते हुए राज्यपाल को पत्र लिखा। प्रदेश अध्यक्ष का पत्र सामने आने के बाद जेडीयू ने कार्रवाई की। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष को पद से हटा दिया। जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष के बीरेन सिंह ने राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को लिखे पत्र में कहा कि फरवरी-मार्च 2022 में मणिपुर विधानसभा के लिए हुए चुनाव में जेडीयू के छह उम्मीदवार जीते थे।

## पंजाब सरकार के अधिकारियों के खिलाफ अवमानना याचिका स्थगित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पंजाब सरकार के अधिकारियों के खिलाफ अवमानना याचिका को स्थगित रखने का आदेश दिया है। इस याचिका में पूर्व किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को अस्पताल में स्थानांतरित नहीं करने का आरोप लगाया गया है। डल्लेवाल 26 नवंबर, 2024 से अनशन पर हैं। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की स्वास्थ्य रिपोर्ट देने को कहा था। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि किसान नेता अस्थायी चिकित्सा सुविधा में जाने के लिए सहमत हो गए हैं और प्रदर्शनकारी किसान भी न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र सरकार के साथ बातचीत के लिए आगे आए हैं। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मामले में सकारात्मक प्रगति को ध्यान में रखा, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा डल्लेवाल और अन्य किसान नेताओं से मिलने के लिए एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेजना शामिल है।

## प्रदेश के कई जिलों में छाया कोहरा, पारा बढ़ने से सर्दी में गर्मी का अहसास



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है, जहां पहले कड़ाके की ठंड का दौरा चल रहा था, वहीं अब दो-तीन दिन से तापमान में गिरावट देखी जा रही है। दिन में ठंड गायब सी हो गई है और धूप खिल रही है। हालांकि, रात में कुछ शहरों में ठंड अभी भी देखने को मिल रही है। मौसम विभाग का कहना है की हवा का रुख बदलने से मौसम में परिवर्तन आया है। रात में भोपाल, मंडला, पचमढ़ी, राजगढ़, उमरिया, नौगांव जैसे शहरों में पारा 10 डिग्री और दिन का 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है। 24 जनवरी से ठंड का एक दौर और आ सकता है। इससे पहले बुधवार को ग्वालियर-चंबल में बूंदाबांदी हो सकती है। उत्तरी हवा आने से रात के तापमान में गिरावट के आसार है।

मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने बताया प्रदेश में हवा का रुख बदलने से तापमान में बढ़ोतरी हुई है। 24 जनवरी से उत्तर से सर्द हवा आना शुरू हो सकती है। इससे न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री तक गिरावट हो सकती है। पिछले चार दिन से प्रदेश के मौसम में काफी बदलाव हुआ है। जिन शहरों में दिन में पारा 20 डिग्री के नीचे था और शीतलहर चल रही थी, वहां पर ठंड का असर नहीं है, तेज धूप है। कई शहरों में रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है।

ग्वालियर, भिंड, दतिया और मुरैना में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इससे पहले सुबह ग्वालियर, भिंड, मुरैना, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में कोहरा रहेगा।

मौसम साफ हो जाएगा। कोहरे या बारिश का अलर्ट नहीं है।

## बयान दर्ज करने सैफ अली खान के घर पहुंची पुलिस

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान को पांच दिनों के इलाज के बाद मंगलवार को लीलावती अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनके घर लौटने के बाद कड़ी पुलिस सुरक्षा और अभिनेता के मुस्कुराते हुए अस्पताल से बाहर निकलने और पैपराजी के लिए हाथ हिलाने की तस्वीरें सामने आईं। सैफ ने अपने प्रशंसकों और अपने आवास के बाहर मौजूद मीडिया का अभिवादन किया और घर वापस लौट आए। अब बुधवार को मुंबई पुलिस इस मामले में उनका बयान दर्ज करने के लिए अभिनेता के घर पहुंची।

इस दौरान एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पुलिस को सैफ की बिल्डिंग के अंदर जाते हुए देखा गया। हालांकि, इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद मीडिया को कोई जानकारी नहीं दी। जल्द ही अब पुलिस सैफ का भी बयान दर्ज कर लेगी, जिससे घटना के बारे में विस्तार से जानकारी मिलने की उम्मीद है।

## बीड सरपंच हत्या में शामिल किसी को बख्शा नहीं जाएगा: शिंदे

**मुंबई।** बीड सरपंच हत्याकांड इस समय महाराष्ट्र की राजनीति में सबसे बड़ा मुद्दा बना हुआ है। मामले में आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वहीं, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा है कि हत्या में शामिल किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इसे जघन्य अपराध करार देते हुए आरोपियों के लिए मौत की सजा की मांग की। मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए डिप्टी सीएम शिंदे ने कहा कि सरपंच की हत्या बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने कहा कि चाहे वाल्मिक कराड हो या कोई और, हत्या में शामिल एक भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## यूज कपड़े बेचना-खरीदना होगा आसान



**भोपाल।** आपने नए कपड़े खरीदने के बहुत से ऑनलाइन एप एवं साइड्स में देखे होंगे लेकिन, अब यूज कपड़ों को बेचने और खरीदने का एक प्लेटफॉर्म बनाया गया है। इस में आप महंगे कपड़ों को एक-दो बार उपयोग कर के बेंच सकते हैं। साथ ही जिन्हें मंहगे कपड़े पहनने का शौक तो है लेकिन रेट ज्यादा होने की वजह से खरीद नहीं पाते हैं, ऐसे लोगो के लिए यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बहुत ही उपयोगी साबित होने वाले हैं। दरअसल राजधानी भोपाल स्थित आरजीपीवी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र रिनीशा तिवारी, सुमेध गोडबोले और तनिष्क अग्रवाल ने एक ऐसी वेबसाइट बनाई है। इन विद्यार्थियों का कहना है इससे थ्रिफ्ट कल्चर यनी बचत संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। रिनीशा तिवारी ने बताया कि इस प्लेटफार्म से कपड़े की शौकीन लोग महंगे कपड़े एक दो बार उपयोग करने के बाद बेंच भी सकते हैं। साथ ही इसी प्लेटफार्म से वे कपड़े खरीदे भी जा सकेंगे। इन विद्यार्थियों का कहना है कि यह वेबसाइट पूरी तरह से फ्री रहेगी। केवल उपयोग करने वालों की सुरक्षा की दृष्टि से रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा। रिनीशा तिवारी ने बताया कि ऑनलाइन थ्रिफ्ट स्टोर प्लेटफॉर्म यह एक ऐसा प्लेटफार्म है जो उपयोगकर्ताओं को पुराने, लेकिन अच्छी स्थिति में मौजूद कपड़े खरीदने और बेचने की सुविधा प्रदान करता है।

## राज्य सरकार जनता के सुझाव से बना रही बजट

### वित्त मंत्री 23 को विषय-विशेषज्ञों से करेंगे संवाद

**भोपाल**

मध्य प्रदेश की मोहन सरकार मार्च में राज्य का बजट पेश कर सकती है। इस बार सरकार को फोकस गरीब, युवा, महिला और किसान पर है। सरकार जनता से सुझाव लेकर अपना बजट तैयार कर रही है। 23 जनवरी को वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा बजट को लेकर विषय-विशेषज्ञों से संवाद करेंगे। मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार फरवरी अंत या मार्च के प्रथम सप्ताह में राज्य का बजट पेश कर सकती है। इस बार का बजट युवा, महिला, गरीब और किसान पर केंद्रित होगा। बजट में इन वर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं में अधिक वित्तीय प्रावधान किया जाएगा। वित्त विभाग ने सभी विभागों के साथ बजट को लेकर बैठक कर ली है। मुख्यमंत्री सभी विभागों को युवा, महिला, गरीब और किसान वर्गों के लोगों को केंद्रीय योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत उपलब्ध कराने के निर्देश दे चुके हैं।

इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट तैयारी के संबंध में बजट पर संवाद 23 जनवरी को आर.सी.व्ही.पी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में सुबह 10:30 बजे से होगा। बजट पर संवाद में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा कर आगामी बजट को अधिकाधिक जनोपयोगी और प्रभावशाली बनाए जाने के लिए बहुमूल्य सुझाव प्राप्त करेंगे। बता दें, इस बार का बजट 3 लाख 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। हाल ही सरकार की 22 हजार करोड़ रुपए की राशि अलग-अलग विभागों को अनुपूरक बजट के माध्यम से उपलब्ध कराई। इसको मिलाकर बजट चार लाख करोड़ रुपये तक का हो सकता है।

वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने एवं भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाए जाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूर्ण करने में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कृत संकल्पित है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए और आम जनता से जुड़ी हुई विभिन्न सुविधाओं को प्रदान करने के लिए उप मुख्यमंत्री के निर्देशन में वित्त विभाग बजट की तैयारी कर रहा है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों जैसे बैंकिंग, ग्रामीण-विकास, जनजाति, आर्थिक एवं वाणिज्यिक, जेंडर बजट, पर्यावरण के विशेषज्ञों से सुझाव प्राप्त करने के लिए बजट पर संवाद किया जा रहा है। बजट पर संवाद कार्यक्रम में बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वित्त आयोग, उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, उद्यान, चिकित्सा, चार्टर्ड एकाउंटेंसी, फिल्म में सफलता पूर्वक कार्य कर रहे हितधारकों को भी सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

आम जनता से समाचार पत्रों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, दूरभाष (0755-2700800), ई-मेल व पत्राचार के माध्यम से उनके सुझाव प्राप्त किए जा रहे हैं। इससे विकास की राह पर निरंतर आगे बढ़ रहे मध्य प्रदेश के आगामी बजट में अपने सुझावों के माध्यम से सहभागिता निभाकर प्रदेश की प्रगति और समृद्धि में आम जनता भी अपना योगदान दे सकेगी। अभी तक हजारों की संख्या में सुझाव प्राप्त हो चुके हैं।

# कोतवाली पुलिस के खिलाफ ज्वेलर्स एसोसिएशन का हल्ला बोल

## नौगई के बाद गनियारी से सर्राफा व्यवसायी को घर से उठाने का मामला पकड़ा तूल

### तुलसी मार्ग पर बैठ रास्ता किया जाम

### घर मे घुसकर महिलाओ के साथ अभद्रता का भी कोतवाली पुलिस पर लगा आरोप



**सिंगरौली।** कोतवाली थाना प्रभारी के लचर कार्याप्रणाली की वजह से मातहत पुलिस कर्मीयो द्वारा नियम क़ानून को बलायेताक पर रख कर सर्राफा व्यवसाइयो के ऊपर किये जा रहे हिटलरी पुलिसिया कार्यवाही से परेशान मुख्यालय के ज्वेलर्स संघ पुलिस के खिलाफ मुखर हो गये. गत दिवस तड़के 4 बजे व रात्रि 10 बजे कोतवाली पुलिस टीम द्वारा नौगई व गनियारी से दो सर्राफा व्यवसाइयो को उनके घर से उठाने व गृहणियों के साथ किये गये अभद्रता को लेकर सिंगरौली सर्राफा संघ के तत्वाधान मे आज वैढन मुख्यालय के सभी सर्राफा व्यवसायी धरना पर बैठ तुलसी मार्ग मे आवागमन बंद कर पुलिस के खिलाफ हल्ला बोल दिया।

ग़ौरतलब हो कि कोतवाली पुलिस टीम 21 जनवरी की प्रातः 4 बजे भोर ग्राम नौगई से सुरेश सोनी के घर छापामार कार्यवाही कर उसके आलमारी मे रखें लाखों के सोने चांदी के जेवरात व 25000 नगदी के साथ सुरेश को उठाकर ले गयी थी और पत्नी द्वारा विरोध करने पर पुलिस द्वारा अभद्रता की गयी. पुलिस टीम ने दूसरा छापा रात 10बजे जिला मुख्यालय के गनियारी मे भरत सोनी पुत्र स्व कन्हैया लाल के यहाँ मारा और यहाँ भी हिटलरी अंदाज मे घर मे घुसे और चादर, कम्बल, रजाई फेंकते हुए भरत व उसकी पत्नी के साथ मारपीट किया और यहाँ भी ज्वेलर्स के साथ भरत को उठाकर ले गये. बिना सबूत के कोतवाली पुलिस द्वारा दो दो ज्वेलर्स व्यवसाइयो को जबरन उनके घर से उठाने के बाद वैढन के सभी सर्राफा व्यवसायी आवेश मे आ गये. रात मे ही सर्राफा व्यापार संघ मण्डल सिंगरौली के जिलाध्यक्ष रविकांत सोनी के नेतृत्व मे तुलसी मार्ग मे धरना देकर पुलिस के खिलाफ धरना प्रदर्शन का आह्वान किया गया. नतीजन दूसरे दिन बुधवार को लामबंद सर्राफा व्यवसाई तुलसी मार्ग को बाधित कर धरने पर बैठ गये और पुलिस अधीक्षक से सम्बंधित पुलिस कर्मियों के कृत्य पर उचित कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी रखें हुए हैं।

### मांग पूरी नही होने पर करेंगे अनिश्चित कालीन प्रदर्शन व पहुंचेंगे हाई कोर्ट

अध्यक्ष रविकांत सोनी ने बताया कि पुलिस द्वारा घर मे घुसकर कर व्यापारियों के साथ अपराधियों की तरह किये जा रहे जुल्म को बंद करने, बिना ठोस सबूत के घर के अंदर ना घुसे और महिलाओ के साथ पुलीसिया अभद्रता पर रोक लगे. यदि किसी व्यापारी के यहाँ छपामार कार्यवाही की स्थिति बनती है तो साथ मे महिला पुलिस कर्मी हो, साक्ष्य अधिनियम के तहत किसी व्यवसायी के घर की तलाशी ली जाती है तो उसका दो गवाहों के समक्ष डिजिटल रिकार्डिंग हो, किसी एक व्यापारी द्वारा खरीदने पर दूसरे व्यापारी को परेशान ना किया जाय, पुलिस यदि किसी सर्राफा व्यापारी के यहाँ जाती है तो उससे पूर्व व्यापार मण्डल को सूचित करें, चोर द्वारा जिस व्यापारी को चोरी का सामान बिक्री की जाती है पहले उससे पूछताछ हो ना की अन्य व्यवसाइयो से. यदि एक सर्राफा व्यवसायी दूसरे व्यवसायी के बीच सोने चांदी का लेन देन होता है तो ऐसी स्थिति मे पुलिस द्वारा परेशान ना किया. जो भी व्यापारी चोरी का माल खरीदता है केवल उसके ऊपर कार्यावाही हो बाकि को परेशान ना किया व पुलिस ने जिस सुरेश सर्राफा व्यवसायी को उनके घर से उठायी है उनके खिलाफ आज तक एक भी आपराधिक रिकार्ड नही है ऐसे मे उनकी गिरफ्तारी निंदनीय है, उन्हें तत्काल छोड़ा जाय। धरने पर बैठे उपाध्यक्ष सत्यनारायण सोनी, सचिव रामचंद्र सोनी, कोषाध्यक्ष सचिन सोनी, संयुक्त सचिव मोहन सोनी, सूचना एवं मीडिया प्रभारी अश्वनी सोनी सहित भारी संख्या मे मौजूद व्यवसाइयो ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगे पूर्ण नही होती है तो वह अनिश्चित कालीन धरना व हाई कोर्ट जाने हेतु बाध्य होंगे।

### नये कोतवाल से नही संभल रहा थाना, शहर मे बढ़ा अपराध का ग्राफ

जन चर्चा है कि जब से टी आई अशोक सिंह परिहार कोतवाली मे पदस्थ हुए तब से क्षेत्र मे चोरी, मादक पदार्थो की बिक्री व अन्य अवैध कारोबार चरम पर है. क्षेत्र मे कोयला, कबाड़ , गांजा, हेरोइन, रेत निकासी व लगातार चोरी की घटनाये आम बात है. हाऊसिंग बोर्ड कालोनी मे हुई 70 लाख की चोरी का तो आज तक कोतवाली पुलिस सुराग भी नही लगा पायी, चोरो को पकड़ना तो दूर.जबकि चोर गिरोह द्वारा आये दिन कोतवाली क्षेत्र मे चोरी की घटनाओ को अंजाम दिया जा रहा है. मादक पदार्थो की तस्करी तो किसी से छिपी नही है. क्षेत्रीय जनों का कहना है कि इनसे अनुभवी टी आई पुलिस लाइन मे अन्य विभाग मे ड्यूटी दे रहे हैं। उनमे से किसी को कोतवाली का प्रभार कप्तान साहब को देना चाहिए।

## एनटीपीसी-विंध्याचल सुहासिनी संघ द्वारा

# दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग श्रवण यंत्र एवं मोटराइज साइकिल का किया वितरण




**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल के महिला क्लब, सुहासिनी संघ ने समाज की भलाई की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। सुहासिनी संघ ने विकलांग व्यक्तियों के जीवन को बेहतर बनाने और उनके सशक्तिकरण के लिए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र का दौरा किया। इस अवसर पर, सुहासिनी संघ ने कई महत्वपूर्ण दान दिए और विकलांग व्यक्तियों के लिए अपने समर्थन का विस्तार किया।अध्यक्षा (सुहासिनी संघ) श्रीमती सरोजा फणि कुमार के नेतृत्व में सुहासिनी संघ ने एक मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, दो कृत्रिम अंग और एक श्रवण यंत्र दान किए, जिससे विकलांग व्यक्तियों को सीधे लाभ हुआ। इसके अलावा, क्लब ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की सामाजिक गतिविधियों को सहयोग देने के लिए 50 हजार का दान भी दिया। इस दौरे के दौरान उपाध्यक्षा (सुहासिनी संघ) श्रीमती सारिका चतुर्वेदी, इंचार्ज वेलफेयर (सुहासिनी संघ) श्रीमती त्रिवेणी पाला, महासचिव (सुहासिनी संघ) श्रीमती शिल्पा कोहली एवं अन्य वरिष्ठ सदस्याओं ने, जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र के विभिन्न विभागों का भ्रमण करते हुए विकलांग व्यक्तियों से मिले और उनके साथ संवाद किया।भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एसडी सिंह और सचिव डॉ. डीके मिश्रा ने सुहासिनी संघ के इस योगदान की सराहना की और उनके समर्पण को अत्यधिक सराहा।

सुहासिनी संघ ने भविष्य में भी पुनर्वास केंद्र के साथ अपने सहयोग को जारी रखने और समाज के विकलांग वर्गों के लिए सशक्तिकरण की दिशा में काम करने का संकल्प लिया। सभी दिव्यांगजन एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र एवं मोटराइज साइकिल प्राप्त कर बहुत उत्साहित दिखे एवं इस पुनीत कार्यों की इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं उपस्थित सभी दिव्यांगजनो द्वारा सराहना करते हुये आभार प्रकट किया गया।

# महिला सुरक्षा शाखा द्वारा सृजन जागरूकता अभियान का आयोजन




**सिंगरौली।** महिला सुरक्षा शाखा द्वारा आज ग्राम नगवा स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत संचालित जागरुकता अभियान पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्दशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में विशेष जागरूकता अभियान सृजन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम, बाल विवाह, बाल श्रम, और साइबर क्राइम एवं फ्रॉड जैसे गंभीर विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, आपातकालीन परिस्थितियों में महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, एवं साइबर हेल्पलाइन का उपयोग कर सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई।कार्यक्रम में महिला सुरक्षा शाखा की उप निरीक्षक प्रीति साकेत, सहायक उप निरीक्षक अशोक सिंह तोमर, आरक्षक धनंजय यादव और बन्धौरा चौकी प्रभारी बीएल बंसल उपस्थित रहे।यह अभियान छात्रों को अपराधों से बचाव और कानूनी सहायता के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। महिला सुरक्षा शाखा और स्थानीय पुलिस ने इस अवसर पर छात्रों के सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

## नगर निगम आयुक्त ने की स्वच्छता सर्वेक्षण के कार्यो की समीक्षा

# व्यापारियो को ट्रेड लायसेंस लेना अनिवार्य है : आयुक्त



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के कार्यो की समीक्षा की गई है। समीक्षा बैठक निगमायुक्त ने निर्देश दिये कि स्वच्छता सर्वेक्षण से संबंधित कार्यो को समय पूर्ण करे। उन्होंने निर्देश दिये कि शहरी क्षेत्र मे स्थित पार्को में विशेष साफ सफाई कराये। उन्होंने निर्देश दिये कि सम्बंधित जोन से सहायक यंत्री उनके वार्डो में मौजूद सभी पार्कों की देख-रेख सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही निर्देश दिए कि पार्क की साफ-सफाई व बागवानी अपशिष्ट का समय पर उठान किया जाए। पार्कों में सिविल कार्य, झूलों व ओपन एयर जिम की मरम्मत जैसे बुनियादी कार्य करवाए जाएं। उन्होंने सभी पार्कों का दौरा कर उनमें क्या-क्या कार्य करवाए जाने हैं, उनकी सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए। निगमायुक्त के द्वारा दल गठित कर दल से सलग्न अधिकायो को निर्देश दिए कि समय समय पर पार्को का निरीक्षण किया जायेगा तथा कमी मिलने से संबंधितो के विरूद्ध कार्यवाही किया जायेगा। निगायुक्त साफ साफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि सर्वजनिक स्थलो की साफ सफाई व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रहें वार्डो में कचरा संग्रहण करने वाले वाहन समय पर पहुचे कचरे का उठाव सुनश्चित कराये। निगमायुक्त ने निर्देश दिये कि शहरी क्षेत्र वाल पेटिंग के माध्यम से नगारिको को स्वच्छता से प्रति प्रेरित करने के लिए आकार्षक वाल पेटिंग कराये। उन्होंने निर्देश दिये कि नाले नालियो की सफाई कराने के साथ उनको जाली से ढकने का भी प्रबंध करे। निगमायुक्त के द्वारा राजस्व एवं जल कर वशूली की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिया गया कि राजस्व एवं जल कर की शत प्रतिशत वशूली सुनिश्चत किया जाये। जल कर समय पर जमा नही करने वाले उपभोक्ताओं कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही किया जाये। उन्होंने कहा कि नगरी क्षेत्र में व्यपार करने वाले व्यापरियों का शत प्रतिशत ट्रेड लायसेंस बनाया जाना अनिवार्य है व्यापरियो को ट्रेड लायसेंस बनवाने के लिए प्रेरित करे। निगायुक्त ने निर्देश दिये कि बिना ट्रेड लायसेंस एवं बाजार बैठकी के लायसेंस के बिना व्यापर करने वाले व्यापरियों के विरूद्ध जप्ती की कार्यवाही किया जाये। निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अब कम समय रहा गया है। इसलिए समन्वय बनाकर कार्य किया जाये ताकि देश एवं प्रदेश स्तर से स्वच्छता की जारी होने वाली रैकिंग में सिंगरौली नगर निगम उतकृष्ट स्थान प्राप्त कर सके।

बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, नगर निगम के उपायुक्त आरपी बैस, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, पी.के सिंह, अलोक टीरू विधि अधिकारी अक्षत उपाध्याय सहित उपंयत्री वार्ड प्रभारी, स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित रहे।

# पुलिस व एसबीआई बैंक बैढ़न द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सायबर सुरक्षा का दिया संदेश



**सिंगरौली।** सिंगरौली पुलिस व एसबीआई बैंक बैढ़न व ने सायबर अपराधों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए आज दिनांक 22 जनवरी 2025 को राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम में सायबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक, फिल्म प्रदर्शन और संवाद के माध्यम से बच्चों, महिलाओं और नागरिकों को सायबर अपराधों से बचने के उपाय बताए गए।कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर सिंगरौली पुलिस के साथ-साथ 26 जनवरी 2025 को परेड में सम्मिलित होने वाले एनसीसी, एनएसएस, शौर्य दल, जिला बल, विसबल, होमगार्ड, और शहर के प्रमुख विद्यालयों जैसे उत्कृष्ट विद्यालय, डीएवी स्कूल, सनशाइन स्कूल, और सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की।कार्यक्रम की शुरुआत नुक्कड़ नाटक से हुई, जिसमें सायबर अपराधों के प्रकार, जैसे एटीएम फ्रॉड, फिशिंग, ऑनलाइन ठगी, और सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की जानकारी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही, पुलिस द्वारा सायबर सुरक्षा से संबंधित फिल्में मोबाईल वैन के माध्यम से प्रदर्शित की गईं, जो दर्शकों को सायबर खतरों से सतर्क रहने और अपने व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करने के लिए प्रेरित करती हैं।

# 6 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को चितरंगी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** चितरंगी पुलिस ने 6 वर्ष से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कारवाही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में चितरंगी थाना प्रभारी सुरेन्द्र यादव ने की है। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय द्वारा धारा 306 भादवि के फरार स्थाई वारंटी राजकुमार कोल पिता स्व. छोटेलाल कोल उम्र 26 वर्ष निवासी पिपरवान गिरफ्तार करने के निए वारंट जारी किया गया था।

# द हंस फाउंडेशन ने किया टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण



**सिंगरौली।** जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में और सभी लोगों को टीबी रोग के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। जिले अंतर्गत 7 दिसंबर से 26 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार में नि:क्षय अभियान के अंतर्गत द हंस फाउंडेशन के द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एनके जैन के द्वारा 25 टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। फूड बास्केट वितरण के दौरान डॉ अभय रंजन, जिला क्षय अधिकारी डॉक्टर विशेष सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिषेक शाह, रामचरण जयसवाल, द हंस फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर डॉक्टर आदित्य कुमार पांडे और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अवंतिका यादव उपस्थित रहे।

# माड़ा क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन जोरो पर,पुलिस व रेत माफियाओं की सांठगांठ

## प्रभारी के सह पर कारोबारियों से वसूली करने में जुटे है कारखास

**सिंगरौली।** माड़ा क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन के साथ शराब व गांजा का कारोबार जोरो पर चल रहा है। माड़ा पुलिस अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने वालो के खिलाफ कार्यवाही असमर्थता जाहिर कर रही है। जिससे रेत माफियाओं के हौसले बुलंद है। ग्रामीण लोगो मे रेत माफियाओं की धमा चौकड़ी से आक्रोश का माहौल है। बताया जाता है कि जिले के माड़ा थाना अंतर्गत स्थित नदी-नालो से बड़े पैमाने पर अवैध रेत का उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में रेत चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। साथ ही अवैध शराब व गांजा कारोबार जगह-जगह पान की गुमटियों व किराना दुकान की आड़ में किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि शाम ढलते ही रेत माफिया सक्रिय हो जाते हैं। नदी-नालो से लेकर गांव-गांव तक ट्रैक्टरों की धमा-चौकड़ी बढने् लगती है। जो देर शाम तक जोर पकड़ लेती है। बताया जाता है कि इन दिनो दो से ढाइ हजार प्रति ट्राली की दर से रेत की बिक्री की जा रही है। माड़ा पुलिस द्वारा रेत माफियाओं को खुला संरक्षण मिल रहा है। जिससे क्षेत्र में रेत माफियाओं के हौसले बुलंदी पर है। बताया जाता है कि क्षेत्र की ऐसी कोई नही व नाला नही बची है,जहां रेत माफिया की वक्र दृष्टि नही पहुंची है। जिस नाला-नदी में थोड़ी सी भी रेत दिखाई पड़ती है,वहां दूसरे दिन उत्खनन करने से नही चुकते।

बताया जाता है कि माड़ा थाना क्षेत्र पूरी तरह से खनिज सम्पदाओ से भारी पड़ रहा है। कहीं भी नजर दौड़ाओ हर तरफ रेत,बोल्डर,गिट्टी व मुरूम प्रचूर मात्रा में उपल्बध है। क्षेत्र से रेत उत्खनन व परिवहन करने वाले वाहनो खासतर ट्रैक्टरो की थाना में इन्ट्री वसूली होती है। जिससे थाना की मर्जी के बीना पत्ता भी नही खडकता है। इसके बावजूद क्षेत्र में अवैध रेत उतखनन एवं परिवहन करने वाले ट्रैक्टरों की धमा चौकड़ी कैसे संभव है।

### कार्यवाही के नाम पर महज कोरमपूर्ति

पुलिस विभाग के मुखिया द्वारा जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर पाबंदी लगाने सख्त कार्रवाई के आदेश दिये है। इसके बाद भी माड़ा पुलिस अवैध कारोबारियों पर कार्रवाह नही कर पा रही है। जिससे क्षेत्र के लोगो में चर्चा का विषय बना हुआ है कि माड़ा पुलिस और अवैध रेत कारोबारियों के बीच सांठगांठ है। अवैध कारोबारियों के कारोबार दिन दूगुना रात चौगुना कैसे बढ़ रहा है। पुलिस द्वारा कभी कभार कार्यवाही कर सिर्फ कोरमपूर्ति किया जा रहा है।

### एसपी से कार्रवाही की मांग

माड़ा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करने वालो पर अंकुश लगाने क्षेत्र के लोगो ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाही की मांग की है। लोगो का कहना है कि वन क्षेत्र व राजस्व क्षेत्र में स्थित नदी-नालो से बड़े पैमाने पर हो रही रेत उत्खनन व परिवहन को समय रहते नही बंद किया गया तो नदी,नालो का स्वरुप बिगड़ता जायेगा। जिससे अवैध उत्खनन व परिवहन पर समय रहते रोक लगायी जानी चाहिए।


## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्र. 211 रीवा, दिनांक. 17.01.2025

// आदेश //

म०प्र० शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय , वल्लभ भोपाल के आदेश क्रमांक स्वा . भा . म . मि . / 2020 / 3147 दिनांक 31 .01 .2020 के द्वारा सीवर सेप्टिक टैंक आदि संरचनाओ में आपात स्थित में मानव बल / गैर यांत्रिक द्वारा साफ सफाई के प्रभावी नियंत्रण एवं प्रबंधन हेतु निम्नानुसार आपातकालीन प्रतिक्रिया का गठन किया जाता है |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री एच. के . त्रिपाठी | 9630760515 | सदस्य |
| 02 | श्री बाल गोविन्द चतुर्वेदी ( प्र . स्वास्थ्य अधिकारी ) | 9425375285 | सदस्य |
| 03 | श्री मुरारी कुमार ( प्र . स्वास्थ्य अधिकारी ) | 9926634129 | सदस्य |
| 04 | श्री मिथिलेश मिश्रा ( सेनेट्री इस्पेक्टर ) | 7771861549 | सदस्य |
| 05 | श्री धीरज पाण्डेय ( सेनेट्री इस्पेक्टर ) | 8839971461 | सदस्य |
| 06 | आकाश वर्मा ( सेनेट्री इस्पेक्टर ) | 9685736605 | सदस्य |
| 07 | महादेव राठौर ( सेनेट्री इस्पेक्टर ) | 7879897234 | सदस्य |

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा ( म.प्र. )

# दुकानों का आवंटन न होने को लेकर धरना प्रदर्शन होगा आज

## बहरी में स्थित 75 दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया अधर में



**सीधी।** जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत बहरी के बाजार में 75 दुकानों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है लेकिन इन दुकानों का आवंटन न होने की शिकायत कलेक्टर सहित तमाम अधिकारियों तक की जा चुकी है। ऐसे में आवंटन न होने से नाराज सरपंच सहित व्यापारी एवं आम जनता तहसील बहरी के सामने 23 जनवरी को धरना प्रदर्शन करेंगे।

उक्ताशय को लेकर ग्राम पंचायत बहरी के सरपंच अनुज कुमार साहू के नेतृत्व में काफी संख्या में व्यापारी एवं आम जनता जनसुनवाई के दौरान मंगलवार को शिकायत भी किए हैं। साथ ही चेतावनी भी दिए हैं कि यदि पहल नहीं होती तो 23 जनवरी को बहरी तहसील के सामने धरना दिया जाएगा। शिकायती आवेदन में उल्लेखित किया गया है कि बहरी पंचायत अंतर्गत नवनिर्मित 75 दुकानों के आवंटन न होने के कारण व्यापारियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके लिए मेरे द्वारा जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक के दौरान 8 फरवरी 2024 को एजेंड़ा क्रमांक 5 के अंतर्गत आवेदन दिया गया था। जिसमें उल्लेखित किया गया था कि बहरी पंचायत के केशवाही अंतर्गत नवनिर्मित दुकानों की नीलामी की कार्यवाही शीघ्र कराई जाए। जिससे कि व्यापारी वहां पर अपने व्यवसाय शुरू कर दें। इस संबंध में बहरी के सरपंच एवं उप सरपंच सहित वार्ड पंचों की उपस्थिति में जानकारी दी गई थी लेकिन आज तक कोई पहल नहीं हुआ। जिस वजह से ऐसे में मजबूर होकर व्यापारी एवं ग्रामवासियों के साथ तहसील के सामने धरना देने को मजबूर हो रहे हैं।

ग्राम पंचायत बहरी के सरपंच अनुज साहू ने कहा कि हम जनता के हितों में काम कर रहे हैं। यदि प्रशासनिक अमला उनके साथ अन्याय करेगी तो हम धरना भी देगे एवं जेल जाने के लिए भी तैयार रहेंगे। आखिरकार इस मामले में लापरवाही क्यों हो रही है। दुकानें बनकर तैयार हैं लेकिन नीलामी की प्रक्रिया प्रशासनिक स्तर पर न होना समझ से परे मानी जा सकती है।

इस मामले को लेकर जनपद एवं जिला पंचायत सीईओ तथा कलेक्टर पर भी सवालिया निशान उठ रहा है। कारण यह कि 75 दुकानें बनकर तैयार हैं लेकिन उसकी नीलामी प्रक्रिया प्रशासनिक स्तर पर न होना समझ से परे मानी जा सकती है। तमाम शिकायतों के बाद भी आखिर नीलामी का आदेश क्यों जारी नहीं किया गया। दुकानों का आवंटन में विलंब क्यों यह यह तमाम सवाल बने हुए हैं। सरपंच ने हिम्मत जुटाकर व्यापारियों के हितों के लिए लड़ाई लडऩा शुरू कर दिए हैं। आखिर 75 लोगों को दुकानें मिल जाएंगी तो उनका परिवार व्यवसाय के माध्यम से काम करेगा लेकिन घोर अन्याय होने के बाद इसका विरोध भी अब शुरू हो गया है।

## शिकायत के बाद डीईओ द्वारा किया गया निरीक्षण

**सीधी।** जिले के तहसील मुख्यालय बहरी में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहरी के संकुल प्राचार्य द्वारा संबल योजना के हितग्राहियों के बच्चों से मनमानी शुल्क तो वसूला जा रहा है लेकिन सालों बाद भी शासन के निर्देशों के बाद भी ली गई शुल्क को वापस नहीं किया जा रहा है। तत्संबंध में स्थानीय अभिभावकों द्वारा कलेक्टर की जन सुनवाई एवं जिला शिक्षा अधिकारी के पास लिखित एवं मौखिक आवेदन देकर शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि संकुल केंद्र के प्रभारी प्राचार्य श्यामसुंदर तिवारी एवं उनके सहयोगी शिक्षक विमलेश तिवारी द्वारा अध्ययनरत विद्यार्थियों से तीन गुना ज्यादा फीस वसूल किया जा रहा है। वहीं 5 वर्षों से संबल योजना के हितग्राहियों के बच्चों से ली गई शुल्क वापस नहीं की जा रही है। विद्यालय में छात्र संख्या 900 से ऊपर है। आरोप लगाया है कि संकुल प्राचार्य द्वारा करीब 65 लाख का गबन शुल्क में किया गया है। परीक्षा प्रभारी विमलेश तिवारी हैं जो कि माध्यमिक शिक्षक वर्ग 2 के पद पर पदस्थ हैं।

# सैनिक सम्मेलन का किया गया आयोजन



**सीधी।** ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव सेवा निवृत्त जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीधी मप्र द्वारा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सीधी के सम्मेलन कक्ष में सीधी जिला के भूतपूर्व सैनिको/सैनिक विधवाओ, वीर नारियो तथा भूतपूर्व सैनिको के परिजनो के कल्याण हेतु सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में 20 भूतपूर्व सैनिक, 1 वीर नारी एवं 1 पूर्व सैनिक विधवा सम्मिलित हुई। सम्मेलन में सैनिक कल्याण से जुड़े हुये विभिन्न मुद्दो एवं समस्याओ तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु किए जा रहे प्रयासो पर चर्चा हुई एवं संवाद हुआ। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने भूतपूर्व सैनिको/सैनिक विधावाओ/वीर नारियो एवं पूर्व सैनिको के आश्रितों द्वारा उठाई गई समस्याओ का उचित निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया एवं समुचित आदेश दिये। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने केंद्रीय सैनिक बोर्डए भारत सरकार एवं राज्य सैनिक बोर्ड, मप्र सरकार द्वारा दी जानी वाली अनुदान सहायता, विभिन्न योजनाओ एवं स्कीम/सुविधाओ के बारी में अवगत कराया तथा सूचित किया कि निकट भविष्य में मुख्यमंत्री के आदेश पर मप्र सरकार द्वारा अनुदान राशिया और बढ़ाई जाएगी। उन्होने सूचित किया कि मप्र सरकार ने आदेश दिया है कि समग्र पोर्टल पर पंजीयन एवं ई केवायसी अनिवार्य है। मृत्यु अनुदान, छात्र वृत्ति एवं इस कार्यालय में पंजीयन करवाने के लिए ई-केवायसी अनिवार्य है। सभी भूतपूर्व सैनिको को बताया कि उन्हे अपने सभी दस्तावेज एवं परिवार का डाटा, जन्म दिनांक नाम इत्यादि रिकार्ड आफिस में अपडेट करना आवश्यक है एवं आधार/पैन के इत्यादि ई-केवायसी के साथ जमा करना आवश्यक है। अन्यथा अनुदान या पेंशन बाधित हो सकता है। विभिन अनुदान राशियो में किए गए बढ़ोत्तरी एवं नवीनतम रेट भी सभी उपस्थित व्यक्तियों को सूचित किया गया एवं संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश द्वारा प्रेषित भूतपूर्व सैनिको एवं उनके आश्रितों के लिए उपयोगी जानकारी की सूचना पुस्तिका भी बांटी गई एवं सभी के प्रश्नो का समुचित उत्तर दिया गया। उन्होने बताया कि भारत सरकार एवं मप्र सरकार निरंतर ही भूतपूर्व सैनिको के कल्याण हेतु संवेदनशील है एवं कार्य कर रही है। ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव सेवा निवृत्त जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीधी ने सभी उपस्थित जनों का हार्दिक धन्यवाद दिया एवं उन्हे आश्वस्त किया कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सीधी सभी भूतपूर्व सैनिको, वीर नारियो, सैनिक विधवाओ एवं सैनिको के परिजनो कि सेवा के लिए सर्वदा कार्यरत है एवं उनके कल्याण हेतु निरंतर कार्य करने को कटिबद्ध है।

## सीएमराइज की बच्चियों ने किया वन स्टाफ सेंटर का भ्रमण



**सीधी।** सीएमराइज विद्यालय सीधी की कक्षा 11वीं जीव विज्ञान की छात्राओं को वन स्टाफ सेंटर का भ्रमण कराया गया जिसमें महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न दुर्व्यवहार एवं घरेलू हिंसा से बचाव के उपाय समझाएं गए। भ्रमण में इको क्लब प्रभारी आरती पाण्डेय, शुभम चतुर्वेदी, जागृति पाण्डेय एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# तालाब में फ्लाई एश फिलिंग रुकवाने की हो रही शिकायत

**सीधी।** जिले के मझौली तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरिहा के खसरा क्रमांक 677, 670 में दिलीप बिल्डिकॉन लिमिटेड द्वारा पत्थर निकाला गया था। जिसमें तालाब निर्मित हो गया है एवं उसमें पानी का भराव हमेंशा बना रहता है। लगभग 300 एकड़ कृषि योग्य भूमि की सिंचाई भी इस तालाब से हो रही है। इसके बाद भी तालाब में फ्लाई एवं फिलिंग कर नष्ट करने की योजना बनाई जा रही है। जिसकी शिकायत शिवम द्विवेदी निवासी खजुरिहा द्वारा कलेक्टर से भी की जा चुकी है। इसके बाद भी कोई पहल नहीं हो रही है।

इस मामले को लेकर धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने भी 20 अक्टूबर 2024 को पत्र जारी कर उल्लेखित किया है कि यह तालाब जलाशय के रूप में है जिसमें कि आदिवासियों सहित हरिजन एवं किसानों के भूमि की सिंचाई होती है। इसके साथ ही इसका उपयोग सामाजिक कार्यों में भी किया जाता है। जिस वजह से इसे फ्लाई एश फिलिंग रुकवाने के आदेश को निरस्त किया जाए। इस मामले को लेकर सरपंच सहित ग्रामीणों में भी विरोध देखने को मिल रहा है।

## श्रमोदय आवासीय विद्यालय में आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**सीधी।** श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों को श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 06वीं, 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों से दिनांक 10.01.2025 से 31.01.2025 तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश परीक्षा दिनांक 09.02.2025 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड के पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को, 24 जनवरी को दिलाई जाएगी मतदाता शपथ

**सीधी**

संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन जिला स्तर पर शासकीय संजय गाँधी स्मृति महाविद्यालय के आडिटोरियम हाल में सुबह 11 बजे आयोजित किया जावेगा, जिसमें समस्त कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त मतदाता दिवस का आयोजन जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रो में भी किया जावेगा। इस कार्यक्रम में पहली बार मतदाता सूची में शामिल नवीन मतदाताओं को परिचय पत्र का वितरण किया जावेगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस को मतदाताओं को शपथ 25 जनवरी 2025 (शनिवार) को शासकीय कार्य दिवस न होने के कारण अब यह शपथ दिनांक 24 जनवरी 2025 को दिलाई जानी है।

उन्होने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि अपने कार्यक्षेत्र में पदस्थ सभी अधिकारी/कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिनांक 24 जनवरी 2025 दिलाते हुए शा. संजय गाँधी स्मृति महाविद्यालय के आडिटोरियम हाल में 25 जनवरी 2025 (शनिवार) सुबह 11 बजे आयोजित मतदाता दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## गणतंत्र दिवस समारोह का विशेष मध्यान्ह भोज चौफाल में होगा

**सीधी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने जानकारी देकर बताया है कि 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम उपरांत मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौफाल में अध्ययनरत बच्चों के साथ विशेष भोज में भाग लिया जाना है। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र सीधी, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौफाल, सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत क्षेत्र चौफाल कोठार एवं अध्यक्ष एवं सचिव सरस्वती एवं उमंग महिला स्वसहायता समूह पी.एम.पोषण चौफाल को विशेष भोज कार्यक्रम की सम्पूर्ण आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम सम्पन्न करायें जाने का लेख किया है।

# संविधान गौरव अभियान में बस्ती संपर्क



**सीधी।** संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.डी. शर्मा और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव के निर्देशानुसार तथा संविधान गौड़ाव अभियान के प्रदेश प्रभारी प्रदेश महामंत्री शरदेंदु तिवारी भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के मार्गदर्शन में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सीधी द्वारा सीधी के सभी मंडलों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बस्ती में संपर्क अभियान कर छोटी-छोटी गोष्ठी करके कांग्रेस के द्वारा अंबेडकर के किये गए अपमान और भाजपा के द्वारा अंबेडकर के सम्मान में किए गए कार्यो उप्लब्धियों पर विचार प्रस्तुत किया जा रहा है। इस अभियान के तहत भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की विशेष उपस्तिथि में सिहावल विधानसभा के बहरी मंडल के गरियारी और अकला टोला में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति की बस्तियों में संपर्क किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा अजा मोर्चा जिला महामंत्री महेश प्रजापति, संतोषी पनिका, आशा पनिका, कुसुम कली पनिका, राजकरण साकेत, रामनाथ पनिका, नाथू साकेत, सुखलाल साकेत, शिवनाथ पनिका, पारस गुप्ता, शांती मौर्या, रविराज प्रजापति सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी ने मनाई जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि

## जिला पार्टी कार्यालय में मनाई गई ज्ञानेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि



**सीधी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव के निर्देशानुसार प्रदेश महासचिव रीवा संभाग प्रभारी रामप्रताप सिंह यादव के मार्गदर्शन में सभी जिलों एवं विधानसभा स्तर पर दिनांक 22 जनवरी 2025 को पुण्यतिथि मनाई गई उसी क्रम में सीधी जिला पार्टी कार्यालय में दोपहर 1:00 बजे से प्रखर समाजवादी चिंतक एवं दार्शनिक छोटे लोहिया श्रद्धेय जनेश्वर मिश्र जी की पुण्यतिथि मनाई गई साथ ही अगले माह में होने वाले कार्यक्रम 23 और 24 फरवरी को रीवा संभाग के सभी जिले के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम के बारे में पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से बेहद चर्चा की गई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पटेल के द्वारा किया गया संचालन शहर अध्यक्ष समर बहादुर के द्वारा किया गया संभाग प्रभारी के द्वारा छोटे लोहिया ज्ञानेश्वर मिश्र जी के बारे में जानकारी देते हुए बताएं कि 5 अगस्त 1933 में बलिया जिले में उनका जन्म हुआ और 22 जनवरी 2010 प्रयागराज मृत्यु हुई उनकी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा गांव से हुई उन्होंने अपने जीवन में संघर्ष करते हुए कई बार लोकसभा राज्यसभा के सदस्य रहे एवं समाजवादी पार्टी के मजबूत स्तंभ थे समाजवादी पार्टी के संस्थापक श्रद्धेय मुलायम सिंह जी के साथ रहकर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का परचम लहराऐ बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहें समाजवादी पार्टी प्रदेश महासचिव रीवा संभाग प्रभारी रामप्रताप सिंह यादव प्रदेश सचिव श्रवण कुमार विश्वकर्मा और प्रदेश सचिव धर्मेंद्र सिंह बघेल पूर्व जिला अध्यक्ष रामराज यादव जिला उपाध्यक्ष रण बहादुर सिंह चौहान जिला पन्नालाल सोनी जिला उपाध्यक्ष जिला प्रमुख महासचिव दिनेश सिंह यादव जिला सचिव राममिलन केवट राजरखन जिला मीडिया प्रभारी अनिल कुमार ताम्रकार शहर मीडिया प्रभारी सुरेश यादव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सुखेंद्र यादव जिला सचिन पदाधिकारी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे हैं।

## विद्यालय में बांटे गए पेन और डायरी

**सीधी।** मध्यांचल ग्रामीण बैंक की ओर से शासकीय गुरुकुल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया में नव वर्ष के उपलक्ष्य में डायरी एवं पेन भेंट किए गए। इस दौरान बैंक के मैनेजर अनुप सेन और बैंक आफिसर सतीश खरे ने शासकीय गुरुकुल कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय सेमरिया के कर्मचारियों को नव वर्ष के उपलक्ष्य में डायरी और पेन भेंट किए। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य हनुमान प्रसाद मिश्रा, राघवेंद्र पाण्डेय, रामनारायण त्रिपाठी, शिवनारायण पाण्डेय, बीरेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, शान बहादुर सिंह, श्रीमती माया सिंह, पुष्पराज पाण्डेय, राजेश कुमार दुबे, हीरालाल त्रिपाठी, श्याम सुंदर शुक्ल, आशा, प्रवीण सिंह, जीतेन्द्र सिंह, शिवांशु सिंह परिहार, मिथिलेश मिश्र, राज कुमार सिंह उपस्थित थे।

# मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का द्वितीय चरण का आंदोलन 24 जनवरी को

**सीधी।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती वर्षा गौतम एवं मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती शांति बंसल के द्वारा बताया गया कि प्रांतीय निकाय द्वारा निर्धारित चार चरणों के आंदोलन में द्वितीय चरण के आंदोलन दिनांक 24 जनवरी 2025 को माननीय श्रीमती रीति पाठक विधायक विधानसभा क्षेत्र सीधी के अखिलेश कुमार द्विवेदी आवास में शाल श्रीफल एवं फूलमाला पुष्प कुछ से सम्मानित करते हुए 51 सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन सोप जाएगा माननीय विधायक सिद्धि द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम के लिए सहमति व्यक्त की है द्वितीय चरण के आंदोलन के लिए कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमलाल मिश्रा शास्त्री जी श्री इंद्रसेन त्रिपाठी रामकृष्ण तिवारी प्रदीप सिंह शरदा संतोष पांडे प्रदीप मिश्रा विनीत पांडे कार्यकारी अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह श्याम सुंदर शर्मा सचिव अजय सिंह मंटू रामकुमार पनिका न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमेश मिश्रा कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष विनय मिश्रा शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष गौतममनी अग्निहोत्री शिक्षक कांग्रेस के अध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा सरस संरक्षक राकेश जयसवाल आर एस गौतम नंदकुमार मिश्रा प्रांत अध्यक्ष चंदेश्वरी तिवारी पेंशन संगठन के महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती किरण शुक्ला श्रीमती सुधा शुक्ला लिपिक संघ के सचिव महिला प्रकोष्ठ श्रीमती उमा शुक्ला सुरेखा वर्मा श्रीमती सुरभि त्रिवेदी तहसीलदार संघ के अध्यक्ष श्रीमती जानवी शुक्ला राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मंगला प्रसाद द्विवेदी संगठन सचिव अखिलेश्वर पांडे वित्त अधिकारी संघ के अध्यक्ष श्रीमती ममता रानी राय त्रिवेणी कॉल लिपिक संघ के संगठन सचिव लाल बहादुर सिंह उपाध्यक्ष चंद्र प्रताप तिवारी पवन सिंह ब्लॉक सिहावल के अध्यक्ष अखिलेश गौतम ब्लाक मझौली के अध्यक्ष विष्णु धर द्विवेदी ब्लाक रामपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ब्लॉक सीधी के अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला तहसील कुसमी के अध्यक्ष महीपत प्रजापति प्राचार्य मंच के अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला शंभू नाथ त्रिपाठी डिप्लोमा इंजीनियर के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी लिपिक संघ के कोषाध्यक्ष सत्येंद्र मिश्रा रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह लघु वेतन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्रवण मिश्रा आंगनबाड़ी संघ के अध्यक्ष श्रीमती रानी द्विवेदी सुपरवाइजर संघ के अध्यक्ष शिवानंद शुक्ला पटवारी संघ के अध्यक्ष सुनील सिंह शिक्षक संघ के सचिव सतीश पांडे के द्वारा सभी 53 सहयोगी संगठनों के पदाधिकारी सदस्यों को अधिक से अधिक तादाद में माननीय विधायक जी के बंगले में अपनी शक्ति प्रदर्शन करते हुए उपस्थिति दर्ज करने की अपील की गई।


कार्यालय नगर पालिका परिषद सीधी, जिला-सीधी (म.प्र.)

एन.आई.टी. क्रमांक 295 / ई टेंडरिंग / न.पा. / 2025 — सीधी, दिनांक 21 जनवरी 2025

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_397224_1 दिनांक 20.01.2025 | वार्ड क्रमांक 02 के विभिन्न गलियों में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | (1) 2 माह (2) 18.16 लाख | (1) 2000.00 (2) 13617.00 | 04.02.2025 |
| 2 | 2025_UAD_397234_1 दिनांक 20.01.2025 | वार्ड क्रमांक 13 के विभिन्न गलियो में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | (1) 2 माह (2) 12.87 लाख | (1) 2000.00 (2) 9653.00 | 04.02.2025 |
| 3 | 2025_UAD_397235_1 दिनांक 20.01.2025 | वार्ड क्रमांक 10 गौतम कालोनी में अखण्ड प्रताप सिंह के घर से अजय मिश्रा के घर तक आर.सी.सी. निर्माण कार्य। | (1) 2 माह (2) 8.27 लाख | (1) 2000.00 (2) 8265.00 | 04.02.2025 |
| 4 | 2025_UAD_397236_1 दिनांक 20.01.2025 | वार्ड क्रमांक 19 के विभिन्न गलियों में आर.सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | (1) 2 माह (2) 12.32 लाख | (1) 2000.00 (2) 9237.00 | 19.02.2025 |
| 5 | 2025_UAD_397237_1 दिनांक 20.01.2025 | वार्ड क्रमांक 01 के विभिन्न स्थानों में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | (1) 2 माह (2) 12.75 लाख | (1) 2000.00 (2) 9559.00 | 19.02.2025 |
| 6 | 2025_UAD_397240_1 दिनांक 20.01.2025 | वार्ड क्रमांक 10 में एडवोकेट विनोद सिंह के घर से विनय पाण्डेय के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | (1) 2 माह (2) 14.50 लाख | (1) 2000.00 (2) 10875.00 | 19.02.2025 |
| 7 | 2025_UAD_397244_1 दिनांक 20.01.2025 | वार्ड क्रमांक 23 में सजन सिंह के घर से केंवटान बस्ती तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | (1) 3 माह (2) 32.01 लाख | (1) 5000.00 (2) 24004.00 | 19.02.2025 |

नोट :- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीधी ( म.प्र. )

## संपादकीय

### दूसरे देशों में जाकर संकट में फंस रहे भारतीय

अक्सर अनधिकृत रूप से, चोरी–छिपे या गलत दस्तावेजों और चालबाज बिचौलियों की मार्फत परदेस पहुंचे लोगों को संकट का सामना करना पड़ता है। खासतौर पर वैसी स्थिति में जब वैसे देशों के बीच युद्ध छिड़ा हो, जहां वे बाहर से गए हों तो उसकी मार अलग से झेलनी पड़ती है। कई लोग नाहक ही मारे जाते हैं। ऐसे समय में भारतीय विदेश मंत्रालय के लिए उन्हें वहां से निकालना कठिन काम हो जाता है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में फंसे ऐसे ही लोगों को निकालने के लिए विदेश मंत्रालय काफी समय से जद्दोजहद कर रहा है। भी मंत्रालय ने कहा है कि वहां रूस–यूक्रेन मोर्चे पर अब तक बारह भारतीय मारे जा चुके हैं, सोलह लापता हैं, एक का इलाज चल रहा है। कुछ महीने पहले पता चला कि बिचौलियों के जरिए भारत से बड़ी संख्या में ऐसे युवक रूस गए हैं, जिन्हें भर्ती तो किसी और काम के लिए किया गया था, मगर वहां पहुंचने के बाद उन्हें रूसी सेना में भर्ती करा कर यूक्रेन के साथ छिड़ी जंग में भेज दिया गया। जब उनके परिजनों को इस बात की खबर मिली, तो उन्होंने भारतीय विदेश मंत्रालय से वापस लाने की गुहार लगाई। जांच से पता चला कि ऐसे एक सौ छब्बीस युवकों को जंग में झोंक दिया गया था। विदेश मंत्रालय की अपील पर रूस सरकार ने छियानबे भारतीय नागरिकों को वापस भेज दिया ।ऐसे मामले अन्य देशों में भी देखे जा चुके हैं। रोजगार की तलाश में बहुत सारे युवा अनधिकृत रूप से दूसरे देशों में प्रवेश करने का प्रयास करते हैं। कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन आदि देशों से तो इस तरह अनधिकृत प्रवेश करने वाले अनेक लोगों के मारे जाने की खबरें भी आती हैं। खाड़ी देशों में भी इसी तरह बहुत सारे युवक जाते और वहां बंधक बना लिए जाते हैं। इन मामलों के मद्देनजर भारत सरकार लगातार अपील करती रहती है कि विदेश जाते समय अपना पंजीकरण अवश्य कराएं, ताकि आपके बारे में यहां सही–सही जानकारी उपलब्ध रहे और किसी संकट के समय वहां से निकालना आसान हो।

# कश्मीर से पंडितों के पलायन के चार दशक

**कश्मीर के सर्वाधिक नए जन सांख्यिकीय आंकड़ों पर नजर डाले तो स्वतंत्रता के समय वहां घाटी में 15ल कश्मीरी पंडितों की आबादी थी जो आज 1ल से नीचे होकर 0ल की ओर बढ़ गई है। हाल ही के इतिहास में कश्मीर के ज.स. सांख्यिकी में यदि परिवर्तन का सबसे बड़ा कारक खोजें तो वह एक दिन, यानि 19 जनवरी 1990 के नाम से जाना जाता है। कश्मीरी पंडितों को उनकी मातृभूमि से खदेड़ देनें की इस घटना की यह भीषण और वीभत्स कथा 1989 में आकार लेनें लगी थी। पाकिस्तान प्रेरित और प्रायोजित आतंकवादी और अलगाववादी यहाँ अपनी जड़ें बैठा चुके थे।**

(प्रवीण गुगनानी )

हिजबुल और अलगाववादियों का अप्रत्यक्ष समर्थन कर रहे फारुख अब्दुल्ला तब भी चुप रहे थे या कार्यवाही करनें का अभिनय मात्र कर रहे थे जब भाजपाई और कश्मीरी पंडितों के नेता टीकालाल टपलू की 14 सितम्बर 1989 को दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी।

कश्मीर के सर्वाधिक नए जन सांख्यिकीय आंकड़ों पर नजर डाले तो स्वतंत्रता के समय वहां घाटी में 15ल कश्मीरी पंडितों की आबादी थी जो आज 1ल से नीचे होकर 0ल की ओर बढ़ गई है। हाल ही के इतिहास में कश्मीर के ज.स. सांख्यिकी में यदि परिवर्तन का सबसे बड़ा कारक खोजें तो वह एक दिन, यानि 19 जनवरी 1990 के नाम से जाना जाता है। कश्मीरी पंडितों को उनकी मातृभूमि से खदेड़ देनें की इस घटना की यह भीषण और वीभत्स कथा 1989 में आकार लेनें लगी थी। पाकिस्तान प्रेरित और प्रायोजित आतंकवादी और अलगाववादी यहाँ अपनी जड़ें बैठा चुके थे। भारत सरकार आतंकवाद की समाप्ति में लगी हुई थी तब के दौर में वहां रह रहे ये कश्मीरी पंडित भारत सरकार के मित्र और इन आतंकियों और अलगाववादियों के दुश्मन और खबरी सिद्ध हो रहे थे। इस दौर में कश्मीर में अलगाववादी समाज और आतंकवादियों ने इस शांतिप्रिय हिन्दू पंडित समाज के विरुद्ध चल रहे अपनें धीमे और छद्म संघर्ष को घोषित संघर्ष में बदल दिया। इस भयानक नरसंहार पर फारुक अब्दुल्ला की रहस्यमयी चुप्पी और कश्मीरी पंडित विरोधी मानसिकता केवल इस घटना के समय ही सामने नहीं आई थी। तब के दौर में तत्कालीन मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला अपने पिता शेख अब्दुल्ला के क़दमों पर चलते हुए अपना कश्मीरी पंडित विरोधी आचरण कई बार सार्वजनिक कर चुके थे। 19 जनवरी 1990 के मध्ययुगीन, भीषण और पाशविक दिन के पूर्व जमात-ए-इस्लामी द्वारा कश्मीर में अलगाववाद को समर्थन करने और कश्मीर को हिन्दू विहीन करनें के उद्देश्य से हिज्बुल मुजाहिदीन की स्थापना हो गई थी। इस हिजबुल मुजाहिदीन नें 4 जनवरी 1990 को कश्मीर के स्थानीय समाचार पत्र में एक एक विज्ञप्ति प्रकाशित कराई जिसमें स्पष्टतः सभी कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़ने की धमकी दी गई थी। इस क्रम में उधर पाकिस्तानी प्रधानमन्त्री बेनजीर नें भी टीवी पर कश्मीरियों को भारत से मुक्ति पानें का एक भड़काऊ भाषण दे दिया। घाटी में खुले आम भारत विरोधी नारे लगनें लगे। घाटी की मस्जिदों में अजान के स्थान पर हिन्दुओं के लिए धमकियां




और हिन्दुओं को खदेड़ने या मार-काट देने के जहरीले आव्हान बजनें लगे। एक अन्य स्थानीय समाचार पत्र अल-सफा ने भी इस विज्ञप्ति का प्रकाशन किया था। इस भड़काऊ, नफरत, धमकी, हिंसा और भय से भरे शब्दों और आशय वाली इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के बाद कश्मीरी पंडितों में गहरें तक भय, डर घबराहट का संचार हो गया। यह स्वाभाविक भी था क्योंकि तब तक कश्मीरी पंडितों के विरोध में कई छोटी बड़ी घटनाएं वहां सतत घाट ही रही थी और कश्मीरी प्रशासन और भारत सरकार दोनों ही उन पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे थे। 19जन. 1990 की भीषणता को और कश्मीर और भारत सरकार की विफलता को इससे स्पष्ट समझा जा सकता है कि पूरी घाटी में कश्मीरी पंडितों के घर और दुकानों पर नोटिस चिपका दिए गए थे कि 24 घंटो के भीतर वे घाटी छोड़ कर चले जाएँ या इस्लाम ग्रहण कर कड़ाई से इस्लाम के नियमों का पालन करें। घरों पर धमकी भरें पोस्टर चिपकाने की इस बदनाम घटना से भी भारत और कश्मीरी सरकारें चेती नहीं और परिणाम स्वरुप पूरी घाटी में कश्मीरी पंडितों के घर धूं-धूं जल उठे। तत्कालीन मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला इन घटनाओं पर रहस्यमयी आचरण अपनाए रहे, वे कुछ करनें का अभिनय करते रहे और कश्मीरी पंडित अपनी ही भूमि पर ताजा इतिहास की सर्वाधिक पाशविक- बर्बर-क्रूरतम गतिविधियों का खुले आम शिकार होते रहे, घाटी में पहले से फैली अराजकता चरम पर पहुँच गई। कश्मीरी पंडितों के सर काटे गए, कटे सर वाले शवों को चौक-चौराहों पर लटकाया गया। बलात्कार हुए, कश्मीरी पंडितों की स्त्रियों के साथ पाशविक-बर्बर अत्याचार हुए। गर्म सलाखों शरीर में दागी गई और इज्जत आबरू के भय से सैकड़ों कश्मीरी पंडित स्त्रियों ने आत्महत्या करनें में ही भलाई समझी। बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों के शवों का समुचित अंतिम संस्कार भी नहीं होनें दिया गया था, कश्यप ऋषि के संस्कारवान कश्मीर में संवेदनाएं समाप्त हो गई और पाशविकता-बर्बरता का वीभत्स नंगा नाच दिखा था। जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट और हिजबुल मुजाहिदीन ने जाहिर और सार्वजनिक तौर पर इस हत्याकांड का नेतृत्व किया था। ये सब एकाएक नहीं हुआ था, हिजबुल और अलगाववादियों का अप्रत्यक्ष समर्थन कर रहे फारुख अब्दुल्ला तब भी चुप रहे थे या कार्यवाही करनें का अभिनय मात्र कर रहे थे जब भाजपाई और कश्मीरी पंडितों के नेता टीकालाल टपलू की 14 सित. 1989 को दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी।

अलगाववादियों को कश्मीर प्रशासन का ऐसा वरद हस्त प्राप्त रहा कि बाद में उन्होंने कश्मीरी पंडित और श्रीनगर के न्यायाधीश एन. गंजू की भी हत्या की और प्रतिक्रया होनें पर 320 कश्मीरी स्त्रियों, बच्चों और पुरुषों की हत्या कर दी थी। ऐसी कितनी ही हृदय विदारक, अत्याचारी और बर्बर घटनाएं कश्मीरी पंडितों के साथ घटती चली गई और दिल्ली सरकार लाचार देखती भर रही और उधर श्रीनगर की सरकार तो जैसे खुलकर इन आतताइयों के पक्ष में आ गई थी। इस पृष्ठभूमि में हिजबुल और जेकेएलएफ़ का दुस्साहस बढ़ना स्वाभाविक ही था और वह निर्णायक तौर पर कश्मीरी पंडितों की दुकानों-घरों पर 24 घंटे में घाटी छोड़ देनें या मार दिए जानें की धमकी के नोटिस चस्पां करनें की हद तक बढ़ गया। इसके बाद जो हुआ वह एक दुखद, क्षोभजनक, वीभत्स, दर्दनाक और इतिहास को दहला देनें वाले काले अध्याय के रूप में सामनें आया।

अन्ततोगत्वा वही हुआ जो वहां के अलगाववादी, आतंकवादी हिजबुल और जेकेएल?फ चाहते थे। कश्मीरी पंडित पूर्व की घटनाओं, घरों पर नोटिस चिपकाए जानें और बेहिसाब कत्लेआम से घबराकर 19 जन. 1990 को हिम्मत हार गए। फारुख अब्दुल्ला के कुशासन में आतंकवाद और अलगाववाद चरम पर आकर विजयी हुआ और इस दिन साढ़े तीन लाख कश्मीरी पंडित अपनें घरों, दुकानों, खेतों, बागो और संपत्तियों को छोड़कर विस्थापित होकर दर-दर की ठोकरें खानें को मजबूर हो गए।

**खुल गया बड़ा राज! ट्रंप के शपथ में क्यों नहीं गए मोदी**

# सच जानकर हो जाएंगे हैरान



**डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली है। लेकिन जिस वक्त डोनाल्ड ट्रंप शपथ ले रहे थे, ठीक उसी वक्त सब की नजर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर पर गई। जयशंकर की तस्वीर ने सभी को हैरान कर दिया है। जो लोग भारत में बैठकर भारत को ही कोसते रहते हैं। वो जयशंकर की तस्वीर को देखकर रो रहे हैं। कुछ कट्टरपंथी लोग मजे लेते हुए कह रहे थे कि डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में पीएम मोदी क्यों नहीं गए। ये तो आपको पता चल ही जाएंगे।**

(अभिनय आकाश )

अमेरिका हो या फिर दुनिया का कोई भी देश सबको पता है कि भारत की ताकत क्या है, कद क्या है और अहमियत क्या है? विदेश मंत्री एस जयशंकर को सबसे आगे बिठाकर डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने बता दिया है कि आने वाले दिनों में भारत के साथ रिश्ते कैसे रहने वाले हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली है। लेकिन जिस वक्त डोनाल्ड ट्रंप शपथ ले रहे थे, ठीक उसी वक्त सब की नजर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर पर गई। जयशंकर की तस्वीर ने सभी को हैरान कर दिया है। जो लोग भारत में बैठकर भारत को ही कोसते रहते हैं। वो जयशंकर की तस्वीर को देखकर रो रहे हैं। कुछ कट्टरपंथी लोग मजे लेते हुए कह रहे थे कि डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में पीएम मोदी क्यों नहीं गए। ये तो आपको पता चल ही जाएंगे। लेकिन जयशंकर की मौजूदगी से वामपंथी गैंग को तगड़ा झटका लगा है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर को सबसे एक्सक्लूसिव सीट दी। एस जयशंकर को पहली पंक्ति में बिठाया गया वो भी उस सीट पर जो बिल्कुल डोनाल्ड ट्रंप के सामने थी। इससे बड़ा वीआईपी ट्रीटमेंट शायद किसी देश को नहीं मिला। सबसे हैरान करने वाली बात है कि अमेरिका के ट्रीटी पार्टनर देश भी तीसरी और चौथी पंक्ति में बैठे थे।

ये वो देश हैं जिनके साथ अमेरिका के बेहद गहरे संबंध हैं। लेकिन उन्हें भी पहली पंक्ति में नहीं बिठाया गया। अमेरिका के सबसे करीबी सहयोगियों ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों को तीसरी पंक्ति में जगह मिली। लेकिन एस जयशंकर सबसे आगे नजर आए। अमेरिका हो या फिर दुनिया का कोई भी देश सबको पता है कि भारत की ताकत क्या है, कद क्या है और अहमियत क्या है? विदेश मंत्री एस जयशंकर को सबसे आगे बिठाकर डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने बता दिया है कि आने वाले दिनों में भारत के साथ रिश्ते कैसे रहने वाले हैं। बहरहाल, अब आपको बताते हैं कि पीएम मोदी डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में क्यों नहीं गए। बीते कुछ दिनों से मीडिया में विमर्श का केंद्र ये रहा कि ट्रंप के शपथ में पीएम मोदी को क्यों नहीं बुलाया गया। इसमें कुछ वर्ग को राष्ट्र का इतना अपमान दिखा। मोदी-ट्रंप के रिश्ते जगजाहिर हैं। कहा जाने लगा कि ट्रंप के शपथग्रहण के लिए मोदी को नहीं बुलाया जा रहा है। ट्रंप मोदी से नाराज हैं। लेकिन आपको बता दें कि ये भारत की पॉलिसी रही है कि जब भी किसी देश में प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति पद की शपथ होती है तो भारत सरकार प्रधानमंत्री के स्पेशल दूत को वहां भेजती है।

नाइजीरिया के राष्ट्रपति पद की शपथ के वक्त रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गए थे। मालदीव में जब मोहम्मद मुइज्जू ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली तो वहां केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू गए थे। ईरान में जब पेजेस्कियान ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली तो वहां नितिन गडकरी गए थे। 2024 में इंडोनेशिया और मैक्सिको के लिए विदेश राज्य मंत्री पवित्र मर्गेटा को भेजा गया था। ऐसे में पीएम मोदी का ना जाना भी एक पॉलिसी का हिस्सा ही है। कई लोग सवाल कर रहे हैं कि फिर डोनाल्ड ट्रंप ने शी जिनपिंग को न्यौता क्यों भेजा। इसका जवाब अमेरिका और चीन के लगातार बिगड़ते रिश्तों में है। अमेरिका और चीन में जो ट्रेड वॉर चल रही है उसे शांत करने के लिए डोनाल्ड ट्रंप शी जिनपिंग से मिलना चाहते थे। लेकिन जिनपिंग ने आने से ही मना कर दिया।

## वर्ग पहेली 5621

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | 7 | | ■ | 8 | 9 | |
| 10 | | | ■ | 11 | | | |
| ■ | 12 | | 13 | | ■ | | ■ |
| 14 | ■ | | 15 | | 16 | ■ | 17 |
| 18 | 19 | | | ■ | 20 | | |
| 21 | | ■ | 22 | 23 | | ■ | |
| | | | ■ | 25 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1781 को इस देश के निवासियों द्वारा लॉस एंजिल्स की स्थापना की गई (2)
3. काजू का सबसे अधिक उत्पादन और उपभोग इस देश में होता है (3)
6. नफीरी, एक मंगलवाद्य जिसका नाम बिस्मिल्लाखां के साथ जुड़ा है (4)
8. प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (3)
10. मस्तक, मत्था (3)
11. सुबकी ले लेकर रोना (4)
12. अस्वीकार करना, नकारना, सहमति देना (4)
15. प्रकार, ढंग, विधि (3)
18. घोर ध्वनि करना, गर्जन करना, गाजना (4)
20. नया (2)
21. विस्तार, काला, अनासत्र (2)
22. रहने का ढंग, गिरवी (3)
24. क्रोध या आवेश में आने का भाव, उत्तेजना, झल्लाहट (3)
25. ध्यानी, स्वेच्छाचारी (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. विशिष्ट, अलौकिक, खास (3)
2. स्नान करवाना (4)
3. भ्राता, जो एक ही कुल में उत्पन्न हुआ हो (2)
4. ख्वाहिश, तमन्ना, इच्छा (3)
5. बकवास करना, प्रलाप करना (3)
7. ड्रामा, अभिनेता द्वारा मंच रेडियों, दूरदर्शन आदि पर अभिनय प्रदर्शन (3)
9. पक्षाघात (3)
11. स्वर्ण कर्म, जर निगारी (3)
13. कुल लाल सुर्खी लिए हुए (4)
14. सुप्रसिद्ध कवि कालिदास की प्रसिद्ध कृति (4)
16. कानून के मुताबिक, विधान के अनुसार (4)
17. श्रवण करना, अभिमुख होना, कान देना (3)
19. मुलायम, कोमल (3)
23. सर्वनाम उत्तम पुरुष का बहुवचन (2)

**वर्ग पहेली 5620 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्या | रे | ला | ल | ■ | क | त | र |
| ज | ल | ज | ■ | ■ | पा | व | न |
| ■ | मा | ■ | त | मा | ल | ■ | क |
| स्व | र्ग | त | रू | ■ | मा | न | ना |
| र | ■ | म | ■ | ज | ली | ल | ■ |
| जं | गा | सा | ग | र | ■ | से | वा |
| गा | ज | ■ | री | ■ | आ | तु | र |
| ■ | र | की | ब | ■ | शा | ■ | ना |

# क्या इरडा बीमा कंपनियों की नकेल कस सकेगा?

(अशोक मधुप )

2023-24 में बीमा कंपनियों ने कुल 83 फीसदी दावों का निपटान किया और 11 फीसदी खारिज कर दिया। छह फीसदी दावे 31 मार्च, 2024 तक लंबित रहे। इस अवधि में सामान्य और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने कुल 2.69 करोड़ स्वास्थ्य दावों का निपटान कर 83,493 करोड़ रुपये का भुगतान किया।

बीमा कंपनियों के बारे में हाल ही में इरडा (भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण) ने एक रिपोर्ट जारी की है कि बीमा कंपनियां बीमा खरीदार द्वारा किए 100 रूपये के भुगतान पर 86 रूपये ही क्लेम देती हैं। इस रिपोर्ट में और भी बहुत कुछ है किंतु इरडा ने यह नहीं बताया कि कम भुगतान करने वाली कंपनियों पर इरडा क्या कार्रवाई कर रही है? कितने मामलों में उसने पूरा भुगतान कराया? इस व्यवस्था में सुधार के लिए उसके द्वारा किए गए निर्णय क्या हैं? बिल प्राप्त हो जाने के बाद बिलों भुगतान क्यों नहीं हो रहा? भुगतान में विलंब की अवधि का उपभोक्ता को सूद क्यों नहीं दिलाया जा रहा? भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि सामान्य, स्वास्थ्य और सरकारी बीमा कंपनियां 100 रुपये का प्रीमियम लेकर सिर्फ 86 रुपये ही क्लेम देती हैं। कुछ बीमा कंपनियां तो 100 रुपये के एवज में 56 रुपये ही क्लेम दे रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में सामान्य बीमा कंपनियों ने पॉलिसीधारकों को दावे के एवज में 76,160 करोड़ रुपये का भुगतान किया। यह 2022-23 की तुलना में 18 फीसदी अधिक है।

2023-24 में बीमा कंपनियों ने कुल 83 फीसदी दावों का निपटान किया और 11 फीसदी खारिज कर दिया। छह फीसदी दावे 31 मार्च, 2024 तक लंबित रहे। इस अवधि में सामान्य और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने कुल 2.69 करोड़ स्वास्थ्य दावों का निपटान कर 83,493 करोड़ रुपये का भुगतान किया। प्रति क्लेम औसत रकम 31,086 रुपये रही। विश्लेषकों का कहना है कि प्रीमियम लेने और दावों के निपटान में क्रमशः 100 फीसदी और 80 फीसदी का औसत ठीक-ठाक है।

कुल दावों में से 72 फीसदी थर्ड पार्टी (टीपीए) ने निपटाए। बाकी 28 फीसदी दावों का निपटान कंपनियों ने अपने तरीके से किया। 66.16 फीसदी दावे कैशलेस तरीके से निपटाए गए, जबकि 39 फीसदी में रिइंबर्समेंट मिला।

सरकारी कंपनियों का क्लेम 100 रुपये के प्रीमियम के एवज में 90 रुपये से अधिक रहा है। नेशनल इंश्योरेंस ने 100 रुपये प्रीमियम लेकर 90.83 रुपये क्लेम दिया है। न्यू इंडिया ने 105.87 रुपये, ओरिएंटल ने 101.96 रुपये और यूनाइटेड इंडिया ने 109 रुपये क्लेम दिया है।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज दिन लाभदायक रहेगा और आप जो भी काम मेहनत और लगन के साथ करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्?त होगी। आपकी निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ होगा और आप हर मामले में तरक्?की करेंगे। आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। धन और सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष**

आज दिन सम्मान और आर्थिक लाभ से भरा रहेगा। आपको मान-सम्मान मिलेगा। माता-पिता का आशीर्वाद लेकर घर से निकलें। नौकर-चाकर और सांसारिक सुख में वृद्धि होगी। आमदनी के नए रास्ते खुलेंगे। शाम का समय धार्मिक कार्य में बिताएं।

**मिथुन**

आज दिन आर्थिक मामलों में थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले सोचविचार कर लें। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। शाम का समय परिवार के साथ खुशी से बीतेगा। दिन मौज-मस्ती में बीतेगा।

**कर्क**

आज करियर में भाग्य का साथ मिलेगा। आपका प्रमोशन अगर काफी समय से रुका था वह हो सकता है। आपकी मधुर वाणी से आपको लाभ और तरक्?की हासिल होगी। आप अपनी बातों से बड़े अधिकारियों को प्रभावित कर सकेंगे।

**सिंह**

आज लाभ होगा और आज का दिन के लिए आज का दिन व्यापार में सफलता दिलाने वाला रहेगा। व्यापार में कुछ बड़े बदलाव हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के अधिकार बढ़ेंगे। आर्थिक लाभ और सम्मान मिलेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**कन्या**

आज दिन लाभदायक रहेगा और आपके अधिकार व जिम्?मेदारियां बढ़ेंगी। शौक पर खर्च बढ़ सकता है। दूसरे लोगों की मदद करने में मन लगेगा। सम्मान मिलेगा। घर के बड़ों की सेवा करें। आपके धन में वृद्धि होगी रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**तुला**

आज दिन लाभ और सम्मान लेकर आएगा और आपके लिए तरक्?की के भी योग बने हैं। किसी मामले में नुकसान होने की भी आशंका है। अचानक धन लाभ हो सकता है। जोखिम भरे कामों से दूर रहें। किसी कारण से आपके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है।

**वृश्चिक**

आज ग्रहों की दशा अनुकूल है और आपको कारोबार के मामले में जबर्दस्?त लाभ होगा। आपका दिन सम्मान से भरा रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। संतान के प्रति प्रेम बढ़ेगा। संतान की तरक्की देखकर खुशी होगी।

**धनु**

आज दिन लाभ और सम्मान दिलाएगा। आप जिन काम को पूरा करने के लिए काफी समय से सोच रहे थे वे पूरे हो जाएंगे। बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी। रुका हुआ धन मिल सकता है। संतान को कष्ट हो सकता है। किसी पर आंख बंद करके भरोसा न करें। विश्वासघात हो सकता है।

**मकर**

आज दिन शुभ है। उत्साह में वृद्धि होगी। कुछ अनावश्यक खर्चे करने पड़ सकते हैं। रुकी हुई तरक्की मिल सकती है। धन लाभ से खुशी होगी। शाम से रात तक सम्मान मिलेगा। तेज गाड़ियों से सावधान रहें। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार में लाभ होगा।

**कुंभ**

आज नई-नई चीजें सीखेंगे। जरूरत के हिसाब से ही खर्च करें। नौकर-चाकरों का सुख मिलेगा। शाम को पास की यात्रा हो सकती है, जो फायदेमंद रहेगी। आज आप कुछ नया सीखेंगे। सोच-समझकर खर्च करें। नौकर-चाकर सुख देंगे।

**मीन**

आज बच्चों से जुड़ा कोई पुराना विवाद सुलझ जाएगा। लोग आपसे दोस्ती करना चाहेंगे। समाज में सम्मान मिलेगा। रात में परिवार के साथ मौज-मस्ती करेंगे। आपके बच्चे से जुड़ा कोई पुराना झगड़ा खत्म हो जाएगा। समाज में इज्जत मिलेगी।

## कर्नाटकः उत्तर कन्नड़ जिले में सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मौत, 17 घायल

**उत्तर कन्नड़, एजेंसी।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में फलों और सब्जियों से भरा एक ट्रक पलट गया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और 17 घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा बुधवार तड़के जिले के येल्लापुर में अरेबेल और गुलापुरा के बीच नेशनल हाईवे-63 पर हुआ। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं, पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। उत्तर कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एम नारायण के अनुसार, सब्जियां बेचने जा रहे लोगों का ट्रक सावनूर से कुमता बाजार जा रहा था। सुबह करीब 5.30 बजे, ट्रक चालक दूसरे वाहन को साइड देने के प्रयास में बाईं ओर चला गया और करीब 50 मीटर गहरी घाटी में जा गिरा। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार सुबह एक अन्य घटना में रायचूर जिले में एक दुर्घटना में तीन छात्रों और एक ड्राइवर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना में 10 अन्य लोग भी घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पतला पहुंचाया गया है। मृतकों की पहचान मंत्रालयम संस्कृत स्कूल के तीन छात्र अयवंदन (18), सुजेंद्र (22), अभिलाष (20) और चालक शिवा (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना सिंधनूर के अरागिनमारा कैंप के पास हुई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शवों को अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वक्फ संशोधन अधिनियम पर बोले जगदंबिका पाल

**अयोध्या, एजेंसी।** रामनगरी अयोध्या पहुंचे जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम को गरीबों के लिए अहम बताया। दावा ये भी किया कि ये कानून ऐतिहासिक होगा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। हमारी कोशिश एक अच्छा कानून बनाने की है, जिससे वक्फ का लाभ गरीब आदमी को मिल सके। लखनऊ में हमने बैठक की है। इस बैठक में जेपीसी के सदस्यों के साथ और इससे जुड़े तमाम अधिकारी मौजूद रहे। हमें विश्वास है कि एक अच्छी रिपोर्ट पेश होगी, जो देश के लिए और वक्फ के लिए ऐतिहासिक कानून होगा और वक्फ के उद्देश्य को पूरा करेगा। उन्होंने आगे कहा कि लखनऊ में यह हमारी आखिरी बैठक थी। इसके पहले हम पूरे देश का भ्रमण कर चुके हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, चेन्नई, कर्नाटक, असम, ओडिशा, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य शामिल हैं। हमारी रिपोर्ट तैयार हो चुकी है। बोर्ड के सदस्यों से सुझाव मांगे गए हैं, जिसके बाद 24-25 को बैठक होगी। उसके बाद इस रिपोर्ट को पेश करेंगे। मुझे लगता है कि एक अच्छे कानून के लिए और संशोधन के लिए सभी सहमति व्यक्त करेंगे और परस्पर सहमति से यह कानून बनेगा। अयोध्या का दर्शन-पूजन करने को लेकर पाल ने कहा कि मैं पिछले 50 वर्षों से अनवरत यहां आता रहा हूं। मुझे यहां आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है। मैं सबके लिए ईश्वर से मंगलकामना करता हूं। वक्फ संशोधन अधिनियम के लिए संसद द्वारा गठित कमेटी की बैठक मंगलवार को लखनऊ में हुई। इस बैठक में यूपी सरकार के मंत्री और अधिकारी भी शामिल हुए। इससे पहले बिहार की राजधानी पटना में जेपीसी ने हितधारकों के साथ बैठक की थी। माना जा रहा है कि जेपीसी 31 जनवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

## आरएसएस ने 52 साल नहीं लहराया तिरंगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने आजादी की लड़ाई में कोई हिस्सा नहीं लिया और वह उन्हें चुनौती देते हैं कि वे इतिहास में ढूंढकर बताएं कि आंदोलन में उनकी भागीदारी कितनी रही। खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा,बाबासाहेब डॉ अंबेडकर जी को सम्मान देने के लिए कांग्रेस ने जो किया ऐसा शायद दूसरा कोई नहीं कर सकता था। मुंबई से संविधान सभा में लाने के लिए कांग्रेस ने अपने सदस्य एम आर जयकार का इस्तीफा कराया। गांधी जी ने ही संविधान सभा के ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के लिए बाबासाहेब डॉ आंबेडकर जी के नाम का सुझाव दिया था।

# हरियाणा में बदलेगा भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष? बड़ौली के रिपीट होने में बाधा बना गैंगरेप वाला आरोप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के कुछ महीने पहले नतीजे आए तो भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को भी क्रेडिट दिया गया। हरियाणा के इतिहास में पहली बार भाजपा को लगातार तीन बार सरकार में आने का मौका मिला। कुछ महीने पहले ही सीएम बने नायब सिंह सैनी को इसका क्रेडिट मिला तो ब्राह्मण समाज से आने वाले बड़ौली भी चर्चा में आए। इसके बाद उन्हें उम्मीद थी कि हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष वह फिर से बन जाएंगे, लेकिन इसमें बाधा आती दिख रही है। इसकी वजह है, उन पर लगा गैंगरेप का आरोप। दिल्ली की रहने वाली एक महिला ने बड़ौली और सिंगर रॉकी मित्तल के खिलाफ गैंगरेप का आरोप लगाया है। इसके चलते माना जा रहा है कि भाजपा बड़ौली के स्थान पर किसी और नेता को राज्य में पार्टी की कमान सौंप सकती है।

अब तक राज्य में भाजपा ने सैनी के नाम पर ओबीसी नेता और बड़ौली के नाम पर ब्राह्मण समाज को साधते हुए समीकरण साधा है। बड़ौली ने जीटी रोड बेल्ट कहे जाने वाले इलाके में बड़ी सफलता भी पार्टी को दिलाई, लेकिन अब वह खुद मुश्किल में फंसते घिर रहे हैं। बड़ौली ने खुद पर लगे आरोपों को आधारहीन बताया है, लेकिन पार्टी शायद ही किसी विवाद में पड़ना चाहेगी। इसकी वजह यह है कि कुछ समय बाद ही हरियाणा में निकाय चुनाव होने हैं और दिल्ली में भी असेंबली इलेक्शन हैं। ऐसे में पार्टी नहीं चाहेगी कि वह किसी तरह के नैरेटिव में फंसे। बड़ौली को कुछ समय के लिए बैकसीट पर किया जा सकता है और उनके स्थान पर किसी अन्य नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

भाजपा ने हरियाणा में 43 लाख मेंबर बनाए हैं। राज्य में भाजपा ने संगठन को मजबूत करने के लिए काफी मेहनत की है। फिलहाल जिला और मंडल स्तर पर चुनाव कराए जा रहे हैं। इसके बाद जल्दी ही भाजपा के जिलाध्यक्षों के भी चुनाव होंगे। इनके बाद प्रदेश अध्यक्ष की बारी आएगी, लेकिन बड़ौली का नंबर फंस सकता है। बता दें कि बड़ौली का प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भले ही लंबा कार्यकाल नहीं रहा है, लेकिन उन्होंने तीसरे कार्यकाल में सत्ता दिलाने में अहम रोल प्ले किया। खासतौर पर सैनी और बड़ौली की जोड़ी को ही इसका क्रेडिट दिया गया है।

राजनीतिक रूप से भी बड़ौली विवादों से बचे ही रहे हैं, लेकिन उन पर लगा यह निजी आरोप भारी पड़ सकता है। अब बड़ौली पर लगे आरोपों के बीच प्रदेश अध्यक्ष की रेस में कुछ और नेता भी सामने आए हैं। इन नेताओं में पूर्व सांसद संजय भाटिया, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर और अजय गौर शामिल हैं। इनके अलावा कृष्ण बेदी, अर्चना गुप्ता और सुरिंदर पूनिया के भी नाम चर्चा में हैं। बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष बनने से पहले बड़ौली प्रदेश महासचिव थे। संगठन का उनका पुराना अनुभव है। ऐसे में उन्हें हटाने से पार्टी को कुछ वक्त के लिए चुनौती आ सकती है। फिर भी शायद दो चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा उन्हें मौका न दे। अब तक किसी ने इस पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।

### हरियाणा के मुख्यमंत्री ने दिल्ली के मतदाताओं से आप को यमुना पार खदेड़ देने का आग्रह किया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए प्रचार करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) पर अपने चुनावी वादों को पूरा करने में ''विफल'' रहने का आरोप लगाया। उन्होंने लोगों से अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को यमुना पार खदेड़ देने का आग्रह किया। सैनी ने मध्य दिल्ली के राजिंदर नगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से यह अपील की। पिछले साल एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भरने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले तीन अभ्यर्थियों की मौत हो गई थी, जिसके बाद यह क्षेत्र काफी चर्चा में रहा था। जनसभा में आप नीत सरकार पर हमला करते हुए सैनी ने आरोप लगाया कि वह अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। सैनी ने कहा, ''उन्होंने स्वच्छ पानी का वादा किया था, लेकिन लोग गंदे पानी से जूझ रहे हैं...केजरीवाल ने दिल्ली को पेरिस जैसा बनाने का वादा किया था, लेकिन शहर की सड़कें खस्ता हालत में हैं। वह पिछले 10 वर्षों में अपने वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं।'' पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए सैनी ने कहा कि आप सुप्रीमो तिहाड़ से ''छुट्टी'' पर बाहर आए हैं और चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद जेल लौट आएंगे। केजरीवाल दिल्ली शराब नीति से जुड़े मामले में जमानत पर बाहर हैं। सैनी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी ने एक बयान में कहा,''दिल्ली के लोग इस तरह की घृणित बयानबाजी को खारिज करते हैं। वे एक ईमानदार सरकार के साथ खड़े हैं।'' दिल्ली में विधानसभा चुनाव पांच फरवरी को होंगे और मतगणना आठ फरवरी को होगी।



## केरल में कोरोना महामारी के दौरान पीपीई किट खरीदने में करोड़ों का घोटाला : सीएजी की रिपोर्ट

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** कोरोना महामारी के दौरान वैक्सीन के साथ पीपीई किट ने भी लोगों की जान बचाने के अहम भूमिका निभाई थी। अब केरल में पीपीई किट को लेकर हंगामा छिड़ गया है। दरअसल भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी सीएजीने मंगलवार को केरल में पीपीई किट खरीदने में हुए घोटाले को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य में महामारी के दौरान मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली सरकार ने पीपीई की खरीदने में अनियमितता बरती और करोड़ों का घोटाला भी हुआ। इसकी बाद विपक्षी पार्टियों ने जमकर निशाना साधा है। सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक पीपीई किट खरीदने में अतिरिक्त 10.23 करोड़ खर्च किए गए। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि सैन फार्मा नाम को कंपनी को फायदा पहुंचाने की कोशिश की गई। आरोप है कि यह कंपनी सबसे ऊंची दरों पर किट बेच रही थी फिर भी कंपनी को यह अनुबंध दिया गया और फर्म को पहले ही 100 प्रतिशत राशि चुका दी गई। गौरतलब है कि मार्च 2020 में सत्तारूढ़ एलडीएफ सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान पीपीई किट, एन95 मास्क और इसी तरह की अन्य चीजों की खरीद के लिए केरल मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (केएमएससीएल) को विशेष मंजूरी दी थी। रिपोर्ट सामने आने पर विपक्ष ने एलडीएफ सरकार को घेरा है। कांग्रेस नेता वीडी सतीशन ने एलडीएफ सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार ने कोविड-19 महामारी में लोगों की जान बचाने से ज्यादा अपनी जेब भरने की चिंता थी। उन्होंने कहा, सीएजी की गई रिपोर्ट कोविड-19 महामारी के दौरान भ्रष्टाचार के बारे में विपक्ष के आरोपों की पुष्टि करती है।

## एनसीपी नेता छगन भुजबल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार गुट के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री छगन भुजबल को बड़ी राहत दी है। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय की उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया,जिसमें धनशोधन के एक मामले में भुजबल को दी गयी जमानत को चुनौती दी गयी थी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की उस कोशिश को नाकाम कर दिया, जिससे छगन भुजबल पर जेल जाने का खतरा मंडरा रहा था। हालांकि, जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उवल भुइयां की पीठ ने इस मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली भुजबल की याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि याचिकाकर्ता को 2018 में जमानत पर रिहा किया गया था और वर्तमान चरण में उनकी गिरफ्तारी की अवैधता के सवाल पर विचार करना आवश्यक नहीं है। पीठ ने कहा, ''जमानत देने संबंधी आदेश वर्ष 2018 में पारित किए गए थे।



इसलिए संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत इस स्तर पर हस्तक्षेप का कोई मामला नहीं बनता है। एसएलपी खारिज की जाती है।'' बंबई हाई कोर्ट ने धनशोधन मामले में भुजबल को चार मई 2018 को जमानत दे दी थी। महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री भुजबल को तब गिरफ्तार किया गया था, जब ईडी की जांच में यह सामने आया था कि उन्होंने और उनके सहयोगियों ने कथित तौर पर अपने पद का दुरुपयोग किया और सरकार को वित्तीय नुकसान पहुंचाया। ईडी के अनुसार भुजबल ने नयी दिल्ली में महाराष्ट्र सदन के निर्माण सहित निर्माण और विकास कार्यों से संबंधित ठेके एक विशेष फर्म को दिए और बदले में उन्होंने अपने और अपने परिवार के लिए रिश्वत ली थी।

## ईडी नागरिकों को परेशान करना बंद कर दे, हद में रहेः बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** बंबई उच्च न्यायालय ने एक रियल एस्टेट कारोबारी के खिलाफ बिना सोचे समझे धन शोधन की जांच शुरू करने के लिए ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय पर मंगलवार को एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियों को कानून के दायरे में रहकर काम करना चाहिए। ईडी पर जुर्माना लगाते हुए जस्टिस मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने कहा कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों को एक कड़ा संदेश जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिकों को परेशान न किया जाए। उच्च न्यायालय ने अगस्त 2014 में मुंबई के एक रियल एस्टेट डेवलपर राकेश जैन को धन शोधन एजेंसी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत के आधार पर एक विशेष अदालत द्वारा जारी की गई प्रक्रिया (समन/नोटिस) को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति जाधव ने कहा, अब समय आ गया है कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां ??कानून को



अपने हाथ में लेना बंद करें और नागरिकों को परेशान करना बंद करें। ईडी ने जैन के खिलाफ उपनगरीय विले पार्ले थाने में एक संपत्ति खरीदार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी, जिसमें जैन पर समझौते के उल्लंघन और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। न्यायमूर्ति जाधव ने अपने फैसले में कहा कि जैन के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है, इसलिए धन शोधन के आरोप भी टिकते नहीं हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि जैन के खिलाफ शिकायतकर्ता का कदम और ईडी की कार्रवाई स्पष्ट रूप से दुर्भावनापूर्ण है और इसके लिए जुर्माना लगाने की आवश्यकता है। अदालत ने ईडी को चार सप्ताह के भीतर उच्च न्यायालय पुस्तकालय को एक लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। पीठ ने मामले में मूल शिकायतकर्ता (खरीदार) पर भी एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इस जुर्माने का भुगतान मुंबई स्थित कीर्तिकर लॉ लाइब्रेरी को किया जाएगा। न्यायाधीश ने आदेश में कहा, यह देखा गया है कि धन शोधन की साजिश गुप्त रूप से रची जाती है और अंजाम दी जाती है। मेरे सामने वर्तमान मामला पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के कार्यान्वयन की आड़ में उत्पीड़न का एक नायाब मामला है। ईडी के अधिवक्ता श्रीराम शिरसाट के अनुरोध पर उच्च न्यायालय ने अपने फैसले पर एक सप्ताह के लिए रोक लगा दी ताकि एजेंसी उच्चतम न्यायालय में अपील दायर कर सके।

## अब एकनाथ शिंदे के घर प्रदर्शन, फडणवीस सरकार के फैसले पर बढ़ा शिवसैनिकों का गुस्सा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में नासिक और रायगड़ के प्रभारी मंत्रियों को लेकर छिड़ा विवाद बढ़ता ही जा रहा है। शिवसेना के विरोध के बाद देवेंद्र फडणवीस सरकार ने नासिक में गिरीश महाजन और रायगड़ में एनसीपी की अदिति तटकरे को प्रभारी मंत्री बनाए जाने के आदेश पर रोक लगा दी गई है। इसके बाद अब शिवसैनिक दबाव बनाने में जुटे हैं कि किसी भी तरह से उनके ही नेताओं को मौका दिया जाए। यही नहीं सरकार से नाराज बताए जा रहे एकनाथ शिंदे के घर पर भी प्रदर्शन होने लगे हैं। शिवसेना नेता और रोजगार



गारंटी मिनिस्टर भारत गोगावाले के समर्थकों ने एकनाथ शिंदे के घर का घेराव किया। मंगलवार की शाम को साउथ मुंबई में स्थित एकनाथ शिंदे के बंगले मुक्तागिरी पहुंचे गोगावाले समर्थकों ने नारेबाजी भी की। इन लोगों की मांग है कि रायगड़ जिले का प्रभारी मंत्री गोगावाले को ही बनाया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि वे वहां जनाधार रखते हैं। इस मामले में गोगावाले के समर्थक दो विधायक महेंद्र थोर्वे और महेंद्र डलवी सीएम देवेंद्र फडणवीस से भी मिलने वाले हैं। बीते सप्ताह गार्जियन मिनिस्टर की लिस्ट जारी होने के बाद से ही शिवसैनिकों में गुस्सा है। नासिक में भाजपा नेता गिरीश महाजन को प्रभारी बनाए जाने से भी असहमति है, लेकिन उतना गुस्सा नहीं है। लेकिन एनसीपी की नेता अदिति तटकरे को रायगड़ का प्रभारी मंत्री बनाए जाने से ज्यादा गुस्सा है। इसके अलावा दादा भुसे और उनके समर्थक नासिक का प्रभारी मंत्री बनाए जाने की इच्छा रखते हैं। वह पहले भी इस जिले की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इससे पहले शनिवार को तो गोगावाले समर्थकों ने मुंबई और गोवा हाईवे को भी जाम कर दिया था। एकनाथ शिंदे गुट के दबाव के बाद प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति पर रोक लगा दी गई है, लेकिन इसके बाद भी 26 जनवरी को होने वाले आयोजन में जिलों में महाजन और तटकरे ही झंडा फहराएंगे। इसी को लेकर चिंता बढ़ गई है। उन्हें लगता है कि ऐसा न हो जाए कि बाद में फिर से वही फैसला रिपीट हो जाए। दरअसल रायगड़ में लंबे समय से गोगावाले और तटकरे के बीच मतभेद रहे हैं। दोनों एक-दूसरे के खिलाफ ही सियासी जमीन तैयार करते रहे हैं। ऐसे में अब एक ही सरकार का हिस्सा होने के बाद भी खाई खत्म नहीं हो पाई है। यहां तक कि जब एकनाथ शिंदे खुद सीएम थे और अदिति तटकरे को मंत्री पद दिया गया, तब भी प्रदर्शन हुए थे।

### डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के संबंध में पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने चिंता व्यक्त की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दावोस में विश्व आर्थिक मंच 2025 में आजतक से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे अनुसार ट्रंप की तारीफ बढ़ोतरी की धमकी अनिश्चितता की ओर एक बड़ा कदम है। ये बाकी दुनिया के लिए बड़ी बाधाएं उत्पन्न कर सकता है। हालांकि ये अमेरिका के लिए उतने फायदेमंद साबित न हो, ऐसा हो सकता है। अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जबसे शपथ ली है, उसके बाद से ही उनके तेवर बदले हुए नजर आ रहे है। डोनाल्ड ट्रंप तारीफ बढ़ाने की धमकी भी दे चुके है। इन धमकियों को लेकर दिग्गजों ने गहरी चिंता जाहिर की है। डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने भी चिंता व्यक्त की है। रघुराम राजन ने टैरिफ बढ़ोतरी की योजना को अनिश्चितता का सोर्स बताया। इससे गोलबाल इकोनॉमिक स्टेबिलिटी को नुकसान हो सकता है। दावोस में विश्व आर्थिक मंच 2025 में आजतक से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे अनुसार ट्रंप की तारीफ बढ़ोतरी की धमकी अनिश्चितता की ओर एक बड़ा कदम है। ये बाकी दुनिया के लिए बड़ी बाधाएं उत्पन्न कर सकता है। हालांकि ये अमेरिका के लिए उतने फायदेमंद साबित न हो, ऐसा हो सकता है। अमेरिका में ये प्रणाली काम नहीं करती हुई की तारीफ लगाया है।

## बेंगलुरु गैंगरेप केस में सीएम सिद्धारमैया का विवादित बयान

### कहा- क्या भाजपा राज में बलात्कार नहीं हुए?

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में महिला से गैंगरेप और पिछले हफ्ते 6 साल की बच्ची से रेप और हत्या मामले में भाजपा ने राज्य की कांग्रेस सरकार की तीखी आलोचना की। इसके जवाब में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने विवादित बयान दे दिया। मंगलवार को बेलगावी में पार्टी के कार्यक्रम के दौरान सिद्धारमैया ने कहा, क्या भाजपा के कार्यकाल में रेप नहीं हुए? समाज में हमेशा बुरे तत्व होते हैं। हम आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। दरअसल, भाजपा ने बेंगलुरु गैंगरेप केस और पिछले हफ्ते ही राजधानी के होयसला नगर में एक 6 साल की बच्ची की नृशंस हत्या मामले में कांग्रेस राज में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाए। भाजपा ने गृह मंत्री जी. परमेश्वर के इस्तीफे की मांग की है। कर्नाटक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा एवं पार्टी नेताओं ने राज्य की कानून व्यवस्था की तीखी आलोचना की है। इसके जवाब में सिद्धारमैया विवादित बयान दे गए।

सिद्दारमैया ने बेंगलुरु में एक सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर संवाददाताओं से कहा, क्या भाजपा के कार्यकाल में दुष्कर्म नहीं हुए। दुष्कर्म कभी नहीं होने चाहिए और महिलाओं की सुरक्षा की जानी चाहिए। समाज में हमेशा बुरे तत्व होतहैं। हम उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। सिद्धारमैया यह बात बेलगावी में जय बापू, जय भीम रैली के दौरान कह रहे थे। यह रैली महात्मा गांधी और डॉ. बीआर अंबेडकर के सम्मान में आयोजित की गई थी। उनके इस बयान की भाजपा ने तीखी आलोचना की है।

### भाजपा के आरोप

कर्नाटक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र ने कहा, कर्नाटक जो कभी अपनी संस्कृति, मूल्यों और सुरक्षा के लिए प्रसिद्ध था, अब डकैती और अत्याचारों के लिए एक हॉटस्पॉट के रूप में कुख्यात हो रहा है। बेंगलुरु में के.आर. मार्केट के पास बस का इंतजार कर रही अकेली महिला के साथ हाल ही में सामूहिक दुष्कर्म और लूट एक जघन्य और अमानवीय कृत्य है जो राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था को रेखांकित करता है। यह महिलाओं की सुरक्षा में विफलता को दर्शाता है।

## हम संविधान के लिए मर मिटने को तैयार, बेलगावी में बोलीं प्रियंका गांधी- राहुल से डरती है सरकार

**बेलगावी, एजेंसी।** एआईसीसी महासचिव और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वह, उनके भाई लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता भाजपा से नहीं डरते हैं और संविधान की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाते रहेंगे। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कई पार्टियों की सरकार रही, लेकिन कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसका गृह मंत्री संसद में खड़े होकर बाबा साहेब का अपमान कर सके। कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसके नेताओं ने कहा कि हम संविधान बदल देंगे। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि कोई ऐसा नहीं कह सकता कि हमें आजादी 1947 में नहीं मिली। किसी ने नहीं सोचा था कि सत्ता में बैठे लोग संविधान को कमजोर करने की बात करेंगे और बाबा साहेब अंबेडकर जी जैसे मसीहा का संसद में अपमान होगा। बाबा साहेब का अपमान कर गृह मंत्री ने लोकतंत्र और तमाम स्वतंत्रता सेनानियों-



शहीदों का अपमान किया है, जिन्होंने देश के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अडानी को देश की सारी संपत्ति सौंप दी गई है। जब हम संसद में कहते हैं कि अडानी के खिलाफ अमेरिका में केस दर्ज है, जांच की जाए, तो हमारी आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है।

गांधी ने कहा कि अडानी ने सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी, जिससे बिजली के बिल बढ़ाए जा सकें। आज देश का किसान संकटों से घिरा हुआ है, उसे हर चीज में जीएसटी भरनी पड़ती है। वो 1-1 लाख रुपए के कर्ज के कारण आत्महत्या करने को मजबूर है। दूसरी तरफ मोदी सरकार उद्योगपतियों का 17 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर देती है। ये संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार हर ओर निजीकरण कर सारी संपत्ति चंद उद्योगपतियों को सौंप रही है। निजीकरण से आरक्षण खत्म हो जाता है। भाजपा ने लेटरल एंट्री के जरिए भी आरक्षण को खत्म करने की कोशिश की है। यही संविधान विरोधी नीतियां कही जाती हैं। इसीलिए जब हम कहते हैं कि भाजपा संविधान को कमजोर कर रही है, तो उसका मतलब होता है, ये लोग आपको कमजोर कर रहे हैं और आपके जीवन में संघर्ष को बढ़ा रहे हैं।

प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार की हर नीति संविधान के खिलाफ है, जिसका असर आपके जीवन पर पड़ता है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार 200 यूनिट बिजली मुफ्त देती है। लेकिन अगर आप भाजपा शासित प्रदेशों में जाएंगे तो वहां किसान बिजली बिल देखकर रोते हैं। उन्होंने कहा कि देश में लोगों के जीवन में संविधान से बड़ी कोई चीज नहीं है। संविधान आपको अन्याय से बचाता है। संविधान न्याय, शिक्षा, भोजन और आवाज उठाने का अधिकार देता है। संविधान ही सरकार के खिलाफ आंदोलन करने का अधिकार देता है। हमारे पुलिसकर्मियों और सेना की रक्षा संविधान करता है, लेकिन आज ये लोग अपनी पुरानी पेंशन के लिए परेशान हैं, क्योंकि सरकार हर रोज संविधान पर हमला कर रही है।

उन्होंने कहा कि ये समझ लीजिए कि- संविधान ही आपको सुरक्षित रखेगा, इसलिए जो भी संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें पहचानिए। तय कर लीजिए कि हम संविधान, बाबा साहेब अंबेडकर जी और अपना अपमान नहीं सहेंगे। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बाबासाहेब डॉ अंबेडकर जी को सम्मान देने के लिये कांग्रेस ने जो किया ऐसा शायद दूसरा कोई नहीं कर सकता था। मुंबई से संविधान सभा में लाने के लिए कांग्रेस ने अपने सदस्य एमआर जयकर का इस्तीफा कराया। खड़गे ने कहा कि गाँधी जी ने ही संविधान सभा के ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के लिए बाबासाहेब डॉ अंबेडकर जी के नाम का सुझाव दिया था।

भारत सरकार में बाबासाहेब को देश का पहला कानून मंत्री बनाने में भी गांधीजी ने अपना समर्थन दिया था। राज्य सभा में बाबासाहेब को दो बार बंबई से चुना गया। पहली बार 3 अप्रैल 1952 से 2 अप्रैल 1956 के बीच। दोबारा 3 अप्रैल 1956 को सदस्य बने, पर 6 दिसंबर 1956 को उनका निधन हो गया। कांग्रेस पार्टी चाहती थी कि बाबासाहेब सम्मान सहित राज्य सभा पहुंचे, इसीलिए वो दो-बार निर्विरोध राज्य सभा का चुनाव जीते।

फुटबॉलः

# लिवरपूल चैंपियंस लीग के अंतिम 16 में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लिवरपूल ने अपने घरेलू मैदान पर लिली को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की, जबकि बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक रोमांचक मैच में बेनफिका को 5-4 से हराया। बार्सिलोना ने 18 मिनट के अंदर तीन गोल दागकर जीत हासिल की। हार्वे इलियट ने विजयी गोल करके लिवरपूल को सात मैचों में सातवीं जीत दिलाई। इससे पहले मोहम्मद सलाह ने लिवरपूल की तरफ से 34वें मिनट में पहला गोल किया था लेकिन लिली कनाडा के स्ट्राइकर जोनाथन डेविड के 62वें मिनट में किए गए गोल के दम पर बराबरी करने में सफल रहा था। लिली को अंतिम आधे घंटे का खेल 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। लिवरपूल को अंतिम 16 में जगह बनाने के लिए इस मैच में केवल एक अंक हासिल करने की जरूरत थी लेकिन उसकी टीम ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए शानदार तरीके से अगले चरण में प्रवेश किया।



बर्सिलोना की टीम 75वें मिनट तक 2-4 से पिछड़ रही थी। इसके बाद स्पैनिश जाएंट्स ने आखिरी 18 मिनट में शानदार वापसी करके जीत हासिल की। उसकी तरफ से रफिन्हा ने इंजरी टाइम में विजयी गोल किया। इससे बार्सिलोना के सात मैच में 18 अंक हो गए हैं और वह लिवरपूल के बाद दूसरे स्थान पर है। लिवरपूल के 21 अंक हैं।

# स्वीयाटेक ने नवारो को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया




**मेलबर्न, एजेंसी।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक बुधवार को 2022 यूएस ओपन जीतने के बाद से रौलां गैरो के बाहर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंच गई। पांच बार की प्रमुख चैंपियन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल में 89 मिनट में नंबर 8 एम्मा नवारो को 6-1, 6-2 से आसानी से हराया। स्वीयाटेक ने 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना पहला हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल खेला, जहां वह डेनियल कोलिन्स से हार गई।

स्वीयाटेक ने रैली को नियंत्रित करने और नवारो को कोर्ट के चारों ओर घुमाने के लिए अपने आक्रामक खेल का उपयोग किया। पहला सेट केवल 35 मिनट में जीतने के बाद, स्वीयाटेक को दूसरे सेट की शुरुआत में अधिक लगातार दबाव का सामना करना पड़ा। नवारो, जो लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, ने मैच का पहला ब्रेक प्वाइंट अर्जित किया, जबकि स्वीयाटेक 2-2 पर सर्विस कर रही थीं। हालांकि, स्वीयाटेक ने उस अवसर को मिटा दिया और अगले गेम में वापसी की। कुल मिलाकर, नवारो दूसरे सेट में स्वीयाटेक को उनके तीन सर्विस गेम में ड्यूस करने में सक्षम थीं, लेकिन पूर्व विश्व नंबर 1 ने दृढ़ निश्चय किया और अपनी सर्विस पर एक भी अंक गंवाए बिना मैच पूरा किया।

फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी नंबर 14 मैडिसन कीज़ से होगा, जिन्होंने मेलबर्न में यूक्रेन की नंबर 28 सीड एलिना स्वितोलिना पर 3-6, 6-3, 6-4 से जीत के साथ अपने सातवें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल और अपने तीसरे सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार कीज़ ने 2025 की अपनी शानदार शुरुआत के दौरान अब लगातार दस मैच जीते हैं, उन्होंने पिछले सप्ताह एडिलेड में अपना नौवां करियर खिताब जीता था। कुल मिलाकर, वह इस सीजन में 12-1 से आगे हैं और उनकी एकमात्र हार ऑकलैंड में अंतिम चैंपियन क्लारा टॉसन से हुई थी।

सिंगल्स सेमीफाइनल गुरुवार शाम को मेलबर्न पार्क में खेले जाएंगे। स्वीयाटेक और कीज़ का मुकाबला विश्व की नंबर 1 आर्यना सबालेंका और नंबर 12 पाउला बडोसा के बीच पहले सेमीफाइनल के बाद होगा।




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने दिग्गज भारतीय बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए उन्हें महान व्हाइट-बॉल क्रिकेटर कहा। कैफ अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में यह भी उल्लेख किया कि आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया को रोहित और विराट की आवश्यकता होगी।

कोहली ने 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे प्रारूप में पदार्पण किया था। उसके बाद उन्होंने 50 ओवर के 295 मैचों में 93.54 की स्ट्राइक रेट से 13906 रन बनाए हैं। उनका औसत भी 58.18 है। इस बीच रोहित ने अपना पहला वनडे मैच 2007 में आयरलैंड के खिलाफ खेला था। 265 वनडे में कप्तान ने 92.43 की स्ट्राइक रेट और 49.16 की औसत से 10866 रन बनाए हैं।

कैफ ने कहा कि रोहित और विराट दोनों ही लंबे समय तक नहीं खेलेंगे क्योंकि वे 30 के दशक के अंत में हैं। उन्होंने कहा कि दो अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान मेन इन ब्लू टीम में बहुत योगदान देंगे। उन्होंने कहा, आपको रोहित शर्मा और विराट कोहली की जरूरत है। रोहित 37 साल के हैं और कोहली 36 साल के हैं। वे लंबे समय तक नहीं खेलने वाले हैं। उनके लिए प्रार्थना करें, उनका समर्थन करें। वे दो बेहतरीन सफेद गेंद के खिलाड़ी हैं। वे लंबे समय तक नहीं खेलने वाले हैं।

मुझे विश्वास है कि वे अच्छा खेलेंगे। वे आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में बहुत योगदान देंगे। अगर वे अच्छा खेलते हैं, तो आप दुबई में मैच जीतेंगे। रोहित शर्मा तेज शुरुआत देते हैं। विराट कोहली उस शुरुआत का फायदा उठाते हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगी। इसकी मेजबानी पाकिस्तान और यूएई करेंगे, जिसमें भारत हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने मैच यूएई में खेलेगा।

आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे। दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच 23 फरवरी को खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। भारत का आखिरी लीग मैच 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा।

# 10 रन भी इस टीम की किसी बल्लेबाज से नहीं बने, न्यूजीलैंड ने हासिल की तूफानी जीत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक और मैच. एक और छोटा स्कोर. और, वो इसलिए क्योंकि एक भी बल्लेबाज 10 रन भी बनाने में नाकाम रही. यानी वो दहाई के आंकड़े को छूने से पहले ही आउट होकर डगआउट लौट गई. हम बात कर रहे हैं अंडर 19 महिला टी-20 वर्ल्ड कप में खेले न्यूजीलैंड बनाम समोआ के बीच मुकाबले की. इस मैच में न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी था. और, उम्मीद के मुताबिक मुकाबले का नतीजा भी वैसा ही रहा.



यानी पिछले मैच में जैसे नाइजीरिया ने न्यूजीलैंड को हराकर उलटफेर किया था, वैसा कुछ यहां देखने को नहीं मिला. न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट के इतिहास में रनों के हिसाब से अपनी सबसे बड़ी तो नहीं मगर तूफानी जीत जरूर दर्ज की.

**समोआ के नाम एक और छोटा स्कोर**

17-17 ओवर के मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और 9 विकेट खोकर 107 रन बनाए. न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा 48 रन इव वोलांड ने मारे. समोआ के सामने जीत के लिए लक्ष्य बिल्कुल क्लियर था. उसे 17 ओवर में 108 रन बनाने थे. लेकिन, इस लक्ष्य का पीछा करते हुए समोआ की टीम ऐसे लड़खड़ाई कि एक और छोटा स्कोर रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गया.

**10 रन नहीं बना सकी कोई बल्लेबाज**

समोआ की टीम की हालत शुरू से ही पतली दिखी. रेग्यूलर इंटरवल पर उसके विकेट गिरते रहे. सबसे खास चीज ये दिखी कि उसके किसी बल्लेबाज ने दहाई का आंकड़ा नहीं छुआ.

मतलब टीम के सारे के सारे बल्लेबाज 10 रन की दहलीज को लांघने से पहले ही सिमट गए. न्यूजीलैंड के खिलाफ समोआ की सबसे सफल बल्लेबाज ने 8 रन बनाए. वहीं 3 बल्लेबाजों ने 6 रन बनाए. 3 बल्लेबाज ऐसे रहे जो खाता खोलने से पहले ही आउट हो गए.

**40 रन पर ढेर समोआ, 5वां सबसे छोटा स्कोर**

समोआ की पूरी टीम 108 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 14.2 ओवर में 40 रन बनाकर सिमट गई, जो कि आईसीसी अंडर 19 महिला टी-20 वर्ल्ड कप में बना 5वां सबसे छोटा स्कोर है. टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे छोटे स्कोर का 16 रन का रिकॉर्ड भी समोआ के ही नाम है, जो कि दो दिन पहले यानी 20 जनवरी 2025 को उसने साउथ अफ्रीका के खिलाफ बनाया था.

## राष्ट्रमंडल खेल 2026 में मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल किया जाना चाहिए थाः एरिका वीब



**विजयनगर (कर्नाटक), एजेंसी।** पूर्व ओलंपिक चैंपियन पहलवान एरिका वीब ने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती को बाहर करने को बेहद निराशानजक करार दिया लेकिन साथ ही उम्मीद जताई कि अगले सत्र में खेल की वापसी होगी। कनाडा की एरिका ने 2016 रियो ओलंपिक की महिला 75 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में कजाखस्तान की गुजेल मेन्युरोवा को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता था।

यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) और आईएसएस के सहयोग से यहां चल रहे अंतरराष्ट्रीय महिला कुश्ती शिविर और 'रेस्लिंग मास्टरक्लास% कार्यक्रम के लिए यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट आई एरिका ने वकालत की कि 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल किया जाना चाहिए था। एरिका ने इंटरव्यू में कहा, 'ग्लासगो में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का फैसला बहुत निराशाजनक था। उन्होंने खेलों के लिए एक बहुत ही अलग मॉडल अपनाया। उनके पास केवल 10 खेल हैं। यह बेहद निराशाजनक बात है। मैं वास्तव में चाहती थी कि वे मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल करते। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस खेल (कुश्ती) की लोगों तक अधिक पहुंच है। मुझे लगता है कि महासंघ बेहतर स्थिति में है। मुझे लगता है कि यह राष्ट्रमंडल में भारत और नाइजीरिया की मौजूदगी में कुश्ती के खेल में शानदार खिलाड़ियों के रूप में अपनी विविधतापूर्ण ताकत दिखाने का एक अवसर है। कनाडा की इस पहलवान ने कहा, 'और इसलिए, हां, यह निराशाजनक है। मुझे लगता है कि चीजें बदलेंगी।

हम नहीं जानते कि भविष्य में क्या होने वाला है और इसलिए मुझे उम्मीद है कि शायद 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों में हम कुश्ती की वापसी देखेंगे। बुडापेस्ट 2018 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता एरिका ने ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया की प्रशंसा की और कहा कि भारत में महिला कुश्ती में शानदार आदर्श मौजूद हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत से भारतीय खिलाड़ियों, खासकर पहलवानों की सराहना करती हूं। मैंने बजरंग के लिए मैट पर और मैट के बाहर सम्मान के बारे में बहुत बात की है, वह एक शानदार पहलवान, अविश्वसनीय सहयोगी है। भारत में महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती में शानदार आदर्श मौजूद हैं।

बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप 2018 की कांस्य पदक विजेता एरिका ने कहा, 'मैं फोगाट बहनों, साक्षी मलिक और विनेश के बारे में सोचती हूं, जो ना केवल मैट पर चैंपियन रही हैं, बल्कि जिस तरह से वे खुद को संभालती हैं और मैट के बाहर जिस तरह चीजों के लिए खड़ी होती हैं, वह मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक है।

आईपीएल 2025 से पहले

# एबी डिविलियर्स ने दिया वापसी का हिंट

आरसीबी का भी किया जिक्र

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने क्रिकेट में वापसी को लेकर बड़ा हिंट दिया. आईपीएल 2025 से पहले डिविलियर्स की तरफ से यह हिंट आया. वापसी को लेकर बात करते हुए डिविलियर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लेकर भी बात की. एबी ने यह भी बताया कि किस कारण वह क्रिकेट में वापसी का फैसला कर सकते हैं. रनिंग बिटवीन द विकेट्स शो पर बात करते हुए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज ने वापसी का हिंट दिया.



हालांकि डिविलियर्स ने ये भी साफ कर दिया कि वह प्रोफेशनल क्रिकेट नहीं खेलेंगे. इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि वह आईपीएल में भी वापसी नहीं करेंगे. डिविलियर्स ने कहा, मैं अभी भी एक दिन फिर से क्रिकेट खेल सकता हूं. हालांकि कोई कंफर्म नहीं है. लेकिन मुझे ऐसा लगने लगा है कि मेरे बच्चे मुझ पर प्रेशर डाल रहे हैं और मुझे लगता कि मैं उनके साथ नेट्स पर जा सकता हूं. मेरा बेटा मुझे बॉलिंग मशीन से खिला सकता है. अगर मुझे मजा आता है, तो शायद मैं कहीं जाकर फिर से कैजुअल क्रिकेट खेल सकता हूं. प्रोफेशनल आईपीएल या अफ्रीका टूर नहीं. आगे अपनी आंख लेकर बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा, मैं दोबारा कोशिश करूंगा और देखूंगा कि क्या यह आंख अभी भी काम कर रही है.

यह थोड़ी धुंधली है, लेकिन दूसरी वाली मुख्य है और अच्छी तरह से काम कर रही है. एबी ने आगे कहा, मैं अपने बच्चों के लिए कर रहा हूं और देखूंगा कि मैं जाकर क्रिकेट का आनंद ले सकता हूं. भले ही यह बिल्कुल कैजुअल हो और फिर देखेंगे कि इसके साथ हम कहां लाइन खींचते हैं. शो की होस्ट ने डिविलियर्स से पूछा कि क्या आप इमरान ताहिर से प्रेरणा ले रहे हैं?

जिसका जवाब देते हुए एबी ने कहा, जी हां, बिल्कुल. मैं जहां भी जाऊंगा, शायद उसे अपनी टीम में शामिल करने के लिए कहूंगा. वह मेरे पंसदीदा लोगों में से एक हैं. हालांकि अभी कुछ सीरियस नहीं है. हम आरसीबी या बड़ी चीजों की बात नहीं कर रहे हैं. मैं दोबारा से वह प्रेशर फील नहीं करना चाहता हूं. इसलिए मैं जहां भी जाऊंगा, थोड़े मजे करूंगा. मैं बच्चों के साथ यह काम करना चाहता हूं.

महिला अंडर-19 विश्व कप

## इंग्लैंड ने अमेरिका को 8 विकेट से हराया



**जोहोर (मलेशिया), एजेंसी।** डेविना पेरिन (74) और ट्रुडी जॉनसन (नाबाद 44) की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबले में अमेरिका को आठ विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के 119 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर एरिन थॉमस (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ट्रुडी जॉनसन ने डेविना पेरिन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 117 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में पूजा शाह ने डेविना पेरिन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। डेविना पेरिन ने 45 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुये (74) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। ट्रुडी जॉनसन (44) रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड ने 14.2 ओवर में दो विकेट पर 120 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। अमेरिका की ओर से माही माधवन और पूजा शाह को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया।

चैंपियंस ट्रॉफीः

# पाकिस्तान नाम वाली जर्सी पहनने के खिलाफ बीसीसीआई




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कथित तौर पर आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम की जर्सी और कप्तान की प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित शर्मा की भागीदारी के बारे में कड़ा रुख अपनाया है। बीसीसीआई द्वारा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पर अपने खेलों को पाकिस्तान से हटाकर यूएई में स्थानांतरित करने के लिए दबाव डालने के बाद चिंता का एक नया विषय सामने आया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई नहीं चाहता है कि टीम इंडिया के खिलाड़ी मेजबान के रूप में पाकिस्तान के नाम वाली जर्सी पहनें। पीसीबी अब दो प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच चल रही तनातनी के बीच इस समाधान को हल करने में आईसीसी की मदद की उम्मीद कर रहा है।

# पाकिस्तान का टीम मैनेजमेंट कर रहा बाबर आजम का नुकसान?

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट मैच 25 जनवरी से खेला जाएगा। पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच में 127 रन से जीत हासिल की थी। टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस से बाहर है। टीम के लिए अगला लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी है। इस टूर्नामेंट से पहले पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी ने टीम मैनेजमेंट पर बाबर आजम का नुकसान करने का आरोप लगाया है।

बाबर आजम ने पहली पारी में 8 और दूसरी पारी में 5 रन बनाए। वह मुल्तान की पिच पर रन नहीं बना पाए। बासित अली ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि दूसरे टेस्ट में बाबर को आराम दिया जाना चाहिए ताकि उनका रिदम खराब न हो। उन्होंने कहा, 'आप उसके आत्मविश्वास को बर्बाद कर रहे हैं जबकि उसने अभी-अभी अपनी लय हासिल की है। अगर वे खेलेंगे तो क्या होगा? क्या डब्ल्यूटीसी फाइनल में खेलेगा पाकिस्तान? नहीं, उसे आराम करना चाहिए। यदि आप उसे खिलाना चाहते हैं, तो अच्छी पिचें तैयार करें।




**मैच का पूरा हाल**

पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को मुल्तान में हुए पहले टेस्ट मैच में 127 रन से मात देकर सीरीज की शुरुआत की। पाकिस्तान अब 1-0 से आगे हैं। बाबर के फ्लॉप रहने के बावजूद साजिद खान प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उनके सामने विंडीज बल्लेबाजों की बिलकुल भी नहीं चली। इस मुकाबले में साजिद ने 9 विकेट लिए। पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। पहली पारी में नोमान अली ने पांच विकेट लिए।

## बाबर-मोहम्मद रिजवान को दिया जाए आराम

उन्होंने आगे कहा, 'बाबर और मोहम्मद रिज़वान को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आराम दिया जाना चाहिए। अगर दूसरे टेस्ट की पिच पहले टेस्ट की तरह होगी, तो उनका आत्मविश्वास गिर जाएगा। बाबर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के बाद अपनी लय हासिल की। वनडे और टेस्ट में रन बनाए।

# पुरानी दुश्मनी को लेकर आधा दर्जन आरोपियों ने घर में घुसकर किया प्राणघातक हमला

## तीन आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने किया मामला दर्ज



**पन्ना।** जिले के सिमरिया थाना अन्तर्गत लुधनी ग्राम में यादव परिवार तथा दीक्षित परिवार के बीच कुछ बातो को लेकर बुराई लड़ाई चल रही थी, उसी बुराई को लेकर दीक्षित परिवार को आधा दर्जन लोगो द्वारा घर मे घुसकर लाठी डंडो से मारपीट की गई है। जिसमें दो लोग घायल हुए है, घायलो में पुरूषोत्तम यादव पिता कल्लू प्रसाद यादव उम्र 32 साल निवासी लुधनी तथा हरिशंकर यादव भी घायल हुए है, जिनका ईलाज जिला चिकित्सायल में चल रहा है। घटना के संबंध में पीड़ित प्रहलाद यादव ने सिमरिया मे मामला दर्ज कराते हुए बताया कि दुकान के सामने प्रहलाद दीक्षित पुरानी बुराई पर से लड़ाई झगडा कर रहा है, मैने प्रहलाद दीक्षित को समझाकर वहां से भगा दिया था। रात करीबन 9.50 बजे हमारे घर की बाऊण्डरी से कुछ लोग कूद कर घर के आगन मे आ गये मैंने और मेरे भाई हरिशंकर ने बल्ब के उजाले मे देखा कि घर के अन्दर प्रहलाद दीक्षित का लडका निखिल, प्रहलाद के परिवार का सुधीर उर्फ मुरली मनोहर दीक्षित, प्रहलाद का भाई रघु उर्फ रघ्घ दीक्षित एवं सुधीर उर्फ मुरलीमनोहर का छोटा भाई धीरू उर्फ धीरेन्द्र दीक्षित हाथ मे लाठी डण्डा एंव लोहे की राड लेकर आए माँ बहिन की बुरी बुरी गालियां देकर गृह अतिचार कर जान से खत्म करने की नियत से भाई को मारपीट करने लगे। मारपीट से भाई हरिंशकर एवं माँ चन्दा बाई को चोटे आई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिमरिया मे हत्या के प्रयास का अपराध क्रमांक/25 धारा 109, 333, 331(4), 332(बी) 296,115(2), 3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया है तथा उक्त मारपीट मे शामिल तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया है।

## जनसुनवाई में आए 28 आवेदन

**पन्ना।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 28 आवेदन आए। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने जनसुनवाई में आम लोगों की समस्याएं सुनीं। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी उपस्थित कर्मचारियों द्वारा स्थानीयजनों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

## 27 लाख 68 हजार की सहायता राशि स्वीकृत

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने जिला स्तरीय राहत समिति द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार एवं म.प्र. अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 के तहत उत्पीड़ितों को कुल 27 लाख 68 हजार 750 रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। अनुसूचित जाति वर्ग के 33 उत्पीड़ित व्यक्तियों को 23 लाख 43 हजार 750 रूपए तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 6 उत्पीड़ित व्यक्तियों को 4 लाख 25 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई।

# बड़े भाई ने बहन को न बताकर अपने नाम करा ली जमीन, ले लिया रेल्वे का मुआवजा

**पन्ना।** जिले में मुआवजा लेने के मामले मे लगातार शिकायते आ रहीं है, जिसमें धोखाधड़ी करके लोगो द्वारा रेल्वे तथा अन्य प्रायजनो को दी गई जमीनो में मुआवजा हडप किया जा रहा है, इसी प्रकार का मामला पन्ना तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत कटरा, तिलगंवा का प्रकाश मे आया है, आवेदिको कस्तुरी बाई पुत्री बाला प्रसाद पटेल नें कलेक्टर के नाम दिये आवेदन मे बताया कि मेरा जन्म कटरा में बाला प्रसाद पटेल के घर पर हुआ था, तथा मेरे दो अन्य भाई राम भुवन तथा राम लखन पटेल है, जिसमें राम भुवन द्वारा फौती नामातंरण के दौरान मेरा कही भी सिजरा मे उल्लेख नहीं किया गया है तथा फर्जी पंचनामा बनाकर तहसील में प्रस्तुत किया गया कि हम लोग सिर्फ दो भाई ही है, इसी के आधार पर रेल्वे द्वारा मुआवजा भी दिया गया था उसके द्वारा हडप लिया गया है। आवेदन में उल्लेख किया गया कि बाला प्रसाद तनय अयोध्या प्रसाद की तीन संताने है जिसमे मेरे दो भाई तथा मै मेरी शादी गुनौर अन्तर्गत कुसेदर में हुई थी, खसरा नम्बर 569 रकचा 0.478 हैक्टेयर आरआजी नम्बर 811 रकवा 0773 तथा आर आ जी नम्बर 1144 रकवा 1.52 हैक्टेयर तथा 1147 रकवा 0765 है।

उक्त जमीन हम तीनो लोगो के नाम आना चाहीए थी, लेकिन बड़े भाई राम भुवन द्वारा उक्त जमीन फौती खाता में नाम संलग्न करते हुए भूअर्जन की राशि अपने खाता मे डालकर हडप कर ली गई है। आवेदिका ने संबंधित मामले में मुआवजा राशि दिलाये जाने तथा संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

## भारत पर्व में प्रस्तुत किए जाएंगे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**पन्ना।** गणतंत्र दिवस की संध्या में भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 26 जनवरी की शाम 6 बजे टाउन हॉल पन्ना में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम स्थल पर जनसंपर्क विभाग द्वारा चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। भारत पर्व में संस्कृति विभाग द्वारा तय कलाकारों के दलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय लोक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को भारत पर्व के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही आम जनता से भारत पर्व कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का अनुरोध भी किया है।

# अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट में सतना की टीम ने बड़वानी की टीम को हराया



**पन्ना।** स्थानीय नजर बाग छत्रसाल स्टेडियम में चल रहें अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट में दूसरे दिन सतना तथा बड़वानी के बीच रोमंचक मैच खेला गया, जिसमें सतना की टीम ने बड़वानी की टीम को 2-1 गोल के अन्तर से हरा दिया। ज्ञात हो कि उक्त मैच लगातार दोनो टीमो के द्वारा बड़ी मेहनत से खेला गया। जिसमें पन्द्रह मिनट तक कोई भी गोल नहीं बना, उसके बाद बड़वानी की टीम के खिलाड़ी तांडो खरमुट्टी ने एक मैदानी गोल बनाकर अपनी टीम को आंगे कर दिया। जिसके जवाब में सतना की टीम द्वारा राइट आउट मे खेल रहें खिलाड़ी संतोष ने एक गोल दाग कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। मध्यांतर के बाद सतना के किशन ने एक और गोल करके अपनी टीम को निर्णायक बढ़त दिला दी, जो अंत तक कायम रही। इस तरह बड़वानी मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई और सतना की फुटबॉल टीम अगले दौर में पहुंच गई। मैच के मुख्य अतिथि शिव प्रताप सिंह बघेल एसडीओपी पन्ना रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर राजेंद्र मोहन दुबे डीएसपी, नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा, हरिजन थाना प्रभारी बखत सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री अमित सिंह परमार और जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेश गौतम उपस्थित रहे, इस दौरान भारी संख्या में पूर्व खिलाड़ी तथा दर्शक शामिल रहे, जिन्होने खिलाड़ीयो को उत्साह बढ़ाया।

# श्री राम केवट संवाद की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

## भगवान हम आप को गंगा पार कराते है आप हमें भव सागर से पार करा देना

**पन्ना।** स्थानीय जिला चिकित्सालय प्रांगण में स्थित भोलेनाथ जी मंदिर मे विगत 15 जनवरी से श्री राम कथा राम चरित्र मानस बड़े ही मार्मिक ढंग से चल रहीं है, जिसमें कथा वाचक पंडित प्रभाशंकर शास्त्री जी महराज द्वारा प्रतिदिन बड़े ही मार्मिक ढंग से अलग अलग संवादो को उपस्थित दर्शको को सुनाया जा रहा है तथा इस समाज को कथा के माध्यम से संन्देश दिया जा रहा है, कि भगवान श्री राम नें किस प्रकार मनुष्य के रूप मे जन्म लेकर लोगो को मर्यादा का पाठ पढाया, तथा उनके चरित्र का सभी को किस प्रकार से अनुशरण करना चाहीए, यह कथा वाचक शास्त्री जी महराज ने बड़े ही सरल एवं साधारण ढंग से लोगो को बताया, जब भगवान राम को चौदहा वर्ष का वनवास दिया गया, तो वह साधारण ढंग से वन के लिए सीता जी एवं लक्ष्मण जी के साथ निकल पड़ें, वहां से चलते हुए उन्हे गंगा जी से उतर कर आंगे के चित्रकूट के लिए जाना था जिसके लिए उन्हे गंगा पार करने के लिए केवट को बुलाया, तथा कहा कि केवट भाई हमें गंगा जी से उस पार कर दो, लेकिन केवट नें गंगा पार करने से मना कर दिया, तो उन्होने उसका कारण पूंछा, तो केवट ने कहा कि आप के चरणो से पत्थर की सिला सुन्दर नारी बन जाती है, इस लिए हो सकता है कि हमारी नाव भी नारी न बन जाये, इस लिए आंगे हम आप के चरणो को धोयेगें उसके बाद गंगा पार करायेगें, उन्होने कहा ठीक है भाई तो केवट ने परिवार सहित भगवान के चरणो को धोकर आशिर्वाद लिया तत्पश्चात् गंगा पार करने के लिए राम लक्ष्मण, सीता को नाव मे



बैठकार गंगा पार कराई, जब केवट को भगवान द्वारा उतराई मजदूरी देने लगें तो केवट ने कहा कि हम मजदूरी नहीं लेगें, क्योकि आप का और हमारा कार्य एक ही है, तो उन्होने पूंछा वह कैसे वह बोले हम गंगा पार कराते है, आप हमें भव सागर से पार करा देना यही मेरी मजदूरी होगी। इसी के साथ शास्त्री जी ने निशाद राज संवाद सहित अनेक कथाओं का मार्मिक ढंग से वर्णन करते हुए कहा कि इस संसार में सत्य ही सब कुछ है भगवान का स्मरण सच्चे मन से करने वाले को कभी कोई समस्या नहीं आती है। उक्त कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से शायंकाल छह बजे तक चलती है, स्थानीय लोगो से कथा रसपान करने का अनुरोध आयोजक मंडल द्वारा किया गया है।

# गणतंत्र दिवस पर जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत में होंगे समारोह

**पन्ना।** जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय में पुलिस परेड ग्राउंड में प्रात: 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। गणतंत्र दिवस समारोह में आकर्षक परेड के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जाएगी। समारोह में मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जाएगा। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियाँ निकाली जाएंगी। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर सभी शासकीय भवनों में रोशनी की जायेगी। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। गणतंत्र दिवस पर विकासखण्ड स्तर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ऐसी नगर परिषदें जो विकासखण्ड मुख्यालय में स्थित नहीं हैं वहाँ नगर परिषद के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ग्राम पंचायत में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इन समारोहों में ध्वजारोहण के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन होगा। कलेक्टर ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारी ध्वज संहिता का पालन करते हुए गणतंत्र दिवस में ध्वजारोहण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यक्रम स्थल में प्राथमिक उपचार की सुविधा सुनिश्चित करें। गणतंत्र दिवस समारोह में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित कर उनके बैठने की समुचित व्यवस्था की जाएगी, जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वयोवृद्ध हैं अथवा अस्वस्थ हैं उन्हें उनके घर जाकर सम्मानित किया जाएगा।

# 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को

## छत्रसाल महाविद्यालय में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस शनिवार, 25 जनवरी को मनाया जाएगा। इस अवसर पर शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के कला भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के दृष्टिगत अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही अन्य अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही नये मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण भी किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

लोकसभा निर्वाचन एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को सम्मानित भी किया जाएगा। मतदाता दिवस का कार्यक्रम प्रत्येक मतदान केन्द्र पर भी आयोजित किया जाएगा।

# ग्राम पंचायत गंज में चल रहीं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा

**पन्ना।** गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम गंज में श्रीमद् भागवत कथा भव्य रूप से चल रहीं है, इस दौरान रासलीला तथा रुक्मणी विवाह की कथा बड़े ही मार्मिक ढंग से कथा वाचक प्रवक्ता पंडित शंख पाणी गर्ग द्वारा की जा रही है। उक्त कथा मे प्रतिदिन सैकड़ो लोग शामिल हो रहें है। कथा में पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राम बिहारी चौरसिया द्वारा एवं ग्रामीणों के तथा चौरसिया समाज द्वारा सहयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रमुख सहयोगी श्रीकांत चौरसिया दुर्गा चौरसिया दिल्लू चौरसिया बल्लू चौरसिया राजकिशोर चौरसिया वीरेंद्र उर्फ विरू चौरसिया किशोरा जित्तू अबे बेदू लाल चौरसिया शिक्षक आदि शामिल है।

# जिले के तीन दर्जन हाई स्कूल हायर सेकेन्ड्री विद्यालयों की मान्यता निरस्त

## संयुक्त संचालक द्वारा की गई कार्यवाही

**पन्ना**


जिले के लगभग तीन दर्जन हाई स्कूल तथा हायर सेकेन्ड्री विद्यालयो की मान्यता संयुक्त संचालक मनीष वर्मा द्वारा विभिन्न कार्यो के चलते निरस्त की गई है। जिससे निजी विद्यालय संचालको में हड़कप मचा हुआ है, निजी विद्यालय संचालको का कहना है कि हमारे द्वारा शासन द्वारा निर्धारित सभी प्रकार की आहर्ताए पूर्ण की गई है, उसके बावजूद बिना निरीक्षण एवं जांच रिपोर्ट के क्षेत्रीय संचालक द्वारा मान्यता निरस्त की गई है। जो गलत है, क्योकि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा हमारी विद्यालयों से संबंधित सभी प्रकार के आवश्यक दस्तावेजो के साथ मान्यता सागर भेजी गई थी, लेकिन क्षेत्रीय संचालक द्वारा बिना किसी कारण के अनावश्यक नियम कानून लगाकर मान्यताए निरस्त की गई है, आंगे देखना है, उक्त मामले में क्या निर्णय होता है। ज्ञात हो कि पूर्व में निर्धारित प्रकिया के तहत जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ही मान्यता के लिए आवेदन किये जाते थे, इसी तरह इस बार भी किये गये थें, लेकिन संयुक्त संचालक द्वारा मनमाने ढंग से मान्यताए निरस्त की गई है।

# कौशल्या ह्यूमैनिटी फाउंडेशन द्वारा गरीब महिलाओं को वितरित किये गर्म कपड़े

**पन्ना।** वर्तमान समय में कड़कड़ाती ठंड चल रही है, जिसमें अनेक गरीब तथा बृद्ध एवं असाहय लोगो के पास ठंड से बचने के लिए कपड़े भी नहीं है, उनकी उक्त समस्या को देखते हुए अनेक समाजिक संस्थाए आंगे आ रहीं है, तथा उन्हे गर्म कपड़े का वितरण कर रहीं है, वर्तमान समय में सबसे अधिक समस्या ग्रस्त आदिवासी वर्ग है, उक्त वर्ग महिला बच्चे, बच्चियां कड़ाके की ठंड मे लकड़ी बेचने आती है, जिनके पास ठंड से बचने के लिए पकड़े भी नहीं है, अनेक समाजिक संस्था उनका सहयोग कर रहीं है, इसी कड़ी में समिजक संस्था कौशल्या ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ने जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित किए तथा उन्हे ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ा देकर सहयोग किया।

# शाहनगर क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था बदहाल

## आदिवासी बस्ती प्राथमिक शाला खिरिया टोला में आये दिन लगा रहता है ताला



**पन्ना।** जिले में शैक्षणिक व्यवस्था बदहाल है अनेक विद्यालयों में शिक्षक नहीं पहुच रहे है तथा ताले लगे देखे जा सकते है, साथ ही जो विद्यालय खुलते ही नही है वह नियत समय से बंद करके शिक्षक भाग जाते है, इसी प्रकार का मामला संकुल केन्द्र शाहनगर का प्रकाश में आया है, जहां पर आदिवासी बस्ती शासकीय प्राथमिक शाला खिरिया टोला में आये दिन ताला लगा हुआ देखा जा सकता है। दिनांक 20 जनवरी को एक बजे ही प्राथमिक शाला में ताला लगा हुआ पाया गया। जिसकी सूचना शाहगनर बीआरसी को स्थानीय लोगो द्वारा दी गई।

### इनका कहना है

में स्वयं प्रकरण की जांच करूंगा और जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, शिक्षकों को नोटिस जारी किया जा रहा है।

**अमित श्रीवास्तव,**
**बीआरसीसी शाहनगर**

# हर्बल स्टोर का हुआ शुभारंभ

**पन्ना।** नगर के ब्लॉक तिराहा के पास स्थित दुकान मे श्री जुगल किशोर जू हर्बल स्टोर का शुभारंभ भव्यता के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित व्यवसायी मनोज केशरवानी द्वारा स्टोर का फीटा काटकर शुभारंभ किया। स्टोर के संचालक राजवीर सिंह परमार ने बताया कि हमारे स्टोर में स्वास्थ से संबंधित सभी प्रकार के प्रोडक्ट् उपलब्ध रहेगें। इसके साथ ही होम केयर, स्किन केयर, बेबी केयर तथा कृषी एवं पशुओ से संबंधित पोष्टिक आहार एवं अन्य प्रकार के प्रोडक्ट उपलब्ध रहेगे। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें, जिसमें मुख्य रूप से ए.बी. प्यासी, नरेन्द्र खरे, अश्विनी पाण्डेय, गजेन्द्र सिंह बुन्देला, नरेन्द्र सिंह परमार, कृष्णपाल सिंह बुन्देला, रामनरेश कुशवाहा, दिनांकरदेव परमार, पत्रकार लक्ष्मी नारायण चिरोलया आदि।

# पवई में स्वर्गीय दयाशंकर लटोरिया स्मृति क्रिकेट टूर्नामेट का हुआ शुभारंभ

## हटा की टीम ने देवेंद्रनगर की टीम को हराया



**पन्ना।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पवई के महाराजा छत्रसाल मैदान में पवई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ पंडित स्वर्गीय दयाशंकर लटोरिया स्मृति एवं जन सहयोग से किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत पवई की अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष बसंत दहायत, उपस्थित रहें। इस दौरान मैच हटा तथा देवेन्द्रगन टीम के बीच खेला गया। जिसमें पहला मैच देवेंद्र नगर बनाम हटा के बीच खेला गया। टॉस जीत कर देवेंद्र नगर ने गेंदबाजी चुनी, हटा ने निर्धारित 16 ओवर में 125 रन का स्कोर खड़ा किया, जिसका पीछा करने उतरी देवेंद्र नगर 15.2 गेंद में 105 रन पर ऑल आउट हो गये। उक्त मैच के दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष पवई निधि पटेरिया,जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह,जन भागीदारी अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, मधु गुलाब सोनी, शैलेश नागायच, इस मैच के निर्णायक अजय देव बुंदेला प्रमोद पटेल स्कोर बोर्ड में रामेश्वर पटेल कमेंटेटर कुलदीप खटीक, प्रदीप मिश्रा, रामपाल तिवारी, आरपी सिंह रवि शंकर सिंह जितेंद्र सिंह, प्रीतम परमार देवराज सिंह, संदीप खटीक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मैदान में सबसे पहले जिला अध्यक्ष द्वारा स्वर्गीय दयाशंकर लटोरिया क्षेत्र के सामने दीप प्रज्वलित किया गया और उद्घाटन मैच की दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मिलते हुए उनका परिचय हुआ,इसके बाद जिला अध्यक्ष द्वारा खेल जीवन में कितना जरूरी है यह बताया ।

विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कंचन गुप्ता सहित विधिक सेवा प्राधिकरण अभय मिश्रा, आरती तिवारी एवं अनीषमणि पाण्डेय तथा जेल अधिकारियों की उपस्थिति में केन्द्रीय जेल का भ्रमण कर बंदियों की समस्या संबंध में पूंछतांछ की गई। केन्द्रीय जेल रीवा के महिला वार्ड में परिरूद्ध महिला बंदिनियों से भी जनकारी प्राप्त की गई।



## स्वास्थ्य अधोसंरचना कार्य भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप समय सीमा में करें पूर्ण : उप मुख्यमंत्री

### मेडिकल कॉलेजों से संबंधित अनुसांगिक अस्पतालों के निर्माण और उन्नयन कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना का विस्तार और सहज उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधोसंरचना कार्य भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप समय सीमा में पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागीय प्रगतिरत परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने और साथ-साथ फर्नीचर, उपकरण और मैनपावर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के साथ-साथ इन सभी पहलुओं पर ध्यान देना आवश्यक है ताकि परियोजनाएं पूर्ण होते ही सेवाओं का प्रदाय किया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य अधोसंरचना के कार्य सीधे आम जनता से जुड़े हैं, इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा किया जाये। उन्होंने सभी कार्यों की रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए अद्यतन प्रगति एमआईएस पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश भी दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 8 मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्य प्रगतिरत हैं। इन कार्यों को आगामी 2 वर्षों में पूर्ण करने के लिये योजनाबद्ध रूप से कार्य करें और नियमित मॉनिटरिंग करें। किसी भी प्रकार की समस्या को तुरंत संज्ञान में लायें ताकि उनका त्वरित निदान किया जा सके। प्रशासनिक उदासीनता से कार्य की प्रगति प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों से संबंधित अनुसांगिक अस्पतालों के निर्माण और उन्नयन कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाये। ताकि एनएमसी (नेशनल मेडिकल काउंसिल) से अनुमोदन प्राप्त कर मेडिकल कॉलेजों का संचालन शीघ्र शुरू हो सके।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सिंहस्थ 2028 के पूर्व उज्जैन मेडिकल कॉलेज का संचालन चालू हो इसके लिए निर्माण कार्य को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। यह कार्य एमपी बीडीसी द्वारा किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज राजगढ़, छतरपुर, दमोह, मंडला, सिंगरौली, श्योपुर और बुधनी के साथ-साथ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल छिंदवाड़ा कार्यों की प्रगति की उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गहन समीक्षा की। इनमें से 2 कार्य ब्रिज एंड रूफ, 3 बीडीसी और 3 पीआईयू द्वारा किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने इन सभी परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा मेडिकल कैंपस में पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत चिकित्सकीय स्टाफ के लिए बनाए जा रहे 32 आवासीय भवनों की प्रगति की भी समीक्षा की और इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मैहर जिला चिकित्सालय और रीवा में 200 बेड के कैंसर यूनिट के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग और अन्य एजेंसियों द्वारा क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधोसंरचना कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वयं किये जा रहे कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किये जायें।

## गणतंत्र दिवस की संध्या पर होगा भारत पर्व का आयोजन

**रीवा।** गणतंत्र दिवस की संध्या में मऊगंज जिला मुख्यालय में भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 26 जनवरी की शाम 6 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम स्थल शहीद केदारनाथ महाविद्यालय के सभागार में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत भारत के संविधान तथा हमारे संविधान निर्माताओं के विषय में जानकारी देने के लिए चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। संस्कृति विभाग द्वारा कलाकारों के दो दलों को अधिकृत किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि भारत पर्व में सिंगरौली के कलाकार श्री आशोक पाण्डेय एवं उनके दल द्वारा बिरहा लोक गीत की प्रस्तुति दी जायेगी। जबकि सिंगरौली के श्री महेन्द्र कुमार एवं उनके दल द्वारा गुदुमबाजा नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी। कलेक्टर ने आमजनता से भारत पर्व कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का अनुरोध किया है।

## विभिन्न स्थानों में आज लगेंगे शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 23 जनवरी विभिन्न स्थानों में को शिविर लगाये जायेंगे।

कलेक्टर ने बताया कि अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में 23 जनवरी को गौरा, अमवा और तमरादेश में, अनुभाग हुजूर में जोरी, लोही और नैकिन में अनुभाग जवा में टिकैतनपुरवा और गहिलवार में, अनुभाग मनगवां में टेहरा में शिविर लगेंगे। इसी तरह 23 जनवरी को ही अनुभाग त्योंथर में खाम्हा, अहौतीपुरवा, कैथा और बजरा में, अनुभाग सिरमौर में मझिगवां सेमरिया, चकदही और भटिगवां में शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने आमजनता से इन शिविरों से लाभ उठाने की अपील की है।

## मऊगंज में कलेक्टर गणतंत्र दिवस पर करेंगे ध्वजारोहण

**रीवा।** मऊगंज जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर अजय श्रीवास्तव प्रात- 9 बजे ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे। समारोह में जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी तथा अन्य दलों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर शहीद केदारनाथ महाविद्यालय के सभागार में भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। जिले के सभी नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों तथा सभी शिक्षण संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा।

## शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को मौन धारण

**रीवा।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को प्रात- 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में 2 मिनिट का मौन रखा जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और समस्त कलेक्टरों को इस आशय के निर्देश जारी किए हैं। शहीद दिवस को सम्पूर्ण गरिमा के साथ मनाने की अपेक्षा की गयी है। इस दिन को व्यापक रूप से आम जनता की भागीदारी से मनाए जाने के लिए प्रात- 11 बजे प्रदेश में कार्य और अन्य गतिविधियाँ रोककर दो मिनिट का मौन रखा जाए। जहां कहीं संभव हो, दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जायेंगी। सायरन 10-59 बजे से 11 बजे तक बजाए जाने चाहिए और दो मिनट के बाद 11-02 बजे से 11-03 बजे तक पुन- क्लियर सायरन बजाए जाने चाहिए। जहां सायरन उपलब्ध हो वहां यह कार्यविधि अपनाई जाए। सिग्नल (जहां उपलब्ध हो), के अनुसार सभी व्यक्ति खडे हो जाएं और मौन धारण करें। सभी शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक उपक्रमों में शहीद दिवस को पूरी गंम्भीरता के साथ मनाया जाये। स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता के बारे में वार्ताएं और भाषण आयोजित किए जाने के भी निर्देश दिये गये हैं।

## समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 3 फरवरी को

**रीवा।** समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 3 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के आवेदनों की जिलेवार समीक्षा करेंगे।

## वर्तमान शिक्षा को समावेशी बनाना होगा : जिला पंचायत अध्यक्ष

### जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित हुई विवेकानंद जी के दर्शन पर संभागीय व्याख्यानमाला



**रीवा।** इक्कीसवी शताब्दी के बदलते परिवेश में जहां सूचना और प्रद्योगिकी का युग चल रहा है ऐसे में स्वामी जी के चिंतन को अपनाना आवश्यक हैं। स्वामी जी शिक्षा के वर्तमान रूप को अभावात्मक बताते थे। स्वामी विवेकानंद भारतीयों के लिए पाश्चात्य दृष्टिकोण से प्रभावित शिक्षा पद्धति के स्थान पर भारतीय गुरुकुल पद्धति को अपनाने के पक्ष मे थे, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षको मे निकटता के संबंध के साथ श्रद्धा, पवित्रता ज्ञान, धैर्य, विश्वास, विनम्रता, आदर, आदि सदगुणों का समावेश हुआ करता था। वर्तमान शिक्षा में इन सभी सद्गुणों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। उक्त उदगार जन अभियान परिषद द्वारा पेंटियम प्वाइंट महाविद्यालय रीवा में आयोजित स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर आधारित व्याख्यानमाला कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल नें व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ हरिश्चंद द्विवेदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का भारत के संतों की परंपरा मे अद्वितीय स्थान हैं और देश के बाहर जो उनको ख्याति मिली है उसका उदाहरण दूसरा नहीं है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि हमारी भारतीय संस्कृति, हमारा भारतीय दर्शन उस बिन्दु से प्रारंभ होता है, जहाँ सारे संसार की संस्कृतियाँ और दर्शन समाप्त हो जाते हैं। व्याख्यान कार्यक्रम में आयुर्वेद महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा दर्शन का आधार भी भारतीय वेदान्त तथा उपनिषद ही रहे। स्वामी विवेकानंद का अटल विश्वास था कि सभी प्रकार का सामान्य तथा आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य के मन में हैं। कार्यक्रम का विषय प्रबोधन जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने किया, उन्होने बताया कि जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में स्वामी विवेकानंद जी विचारों व दर्शन को लेकर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## सात स्कूल बसो का संचालन कराया गया बंद

रीवा। परिवहन बिभाग रीवा ने माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जिन बसों का पंजीयन 12 वर्ष पूर्ण हो चुका है उन बसों की विद्यालय में जाकर सघन जांच की गई। जांच में डी पाल स्कूल,बांधव पब्लिक स्कूल और गुरुकुल स्कूल में मिलाकर सात बसे पायी गई जिनका पंजीयन 12 वर्ष का पूरा हो चुका है। इन बसो को जप्ती बनाकर स्कूल प्रबंधन से पावती ली गई और उच्च न्यायालय के आदेश का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा।आदेश का पालन नहीं करने पर उच्च न्यायालय के आदेशानुशार निर्धारित कार्यवाही की जाएगी।उन बसों का संचालन करते पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन के ऊपर अपराध दर्ज किया जाएगा। सभी स्कूल संचालकों को यह सुनिश्चित करना होगा किनूँके विद्यालय में कोई भी ऐसी बसों का संचालन न हो।कार्यवाही में आरटीओ रीवा के साथ परिवहन सुरक्षा स्क्वाड का स्टाफ शामिल रहा। जाँच के दौरान 109000 रुपये का बकाया टैक्स और 13 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 27000 रुपया का शमन शुल्क भी जमा कराया गया।

## विपणन संघ के भण्डारण केन्द्रों एवं पैक्स में उर्वरक की उपब्धता

**रीवा।** रीवा एवं मऊगंज जिले में विपणन संघ के भण्डारण केन्द्रों एवं पैक्स में वर्तमान में उर्वरक की उपलब्धता है। जिला विपणन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार रीवा जिले के भण्डारण केन्द्र चोरहटा में 226 मेट्रिक टन यूरिया, 474 मे. टन डीएपी व एनपीके, गुढ़ केन्द्र में 224 मे. टन यूरिया व 513 टन डीएपी व एनपीके, उमरी केन्द्र में 140 मे. टन यूरिया, 418 मे. टन डीएपी व एनपीके, जवा केन्द्र में 190 मे. टन यूरिया, 237 मे. टन डीएपी व एनपीके उपलब्ध है। जबकि मऊगंज भण्डारण केन्द्र में 183 मे. टन यूरिया, 637 मे. टन डीएपी व एनपीके तथा हनुमना केन्द्र में 98 मे. टन यूरिया, 591 मे. टन डीएपी व एनपीके की उपलब्धता है।

## महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार के संचालक मंडल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम निर्धारित

**रीवा।** महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित वार्ड क्रमांक 13 रीवा के संचालक मंडल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। नामांकन पत्र 27 जनवरी को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 27 जनवरी को होगी जबकि वैध नामांकन पत्रों की सूची 28 जनवरी को प्रकाशित की जायेगी। नामांकन पत्र 29 जनवरी को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक वापस लिये जा सकते हैं। इसी दिन प्रतीक चिन्हों का आवंटन किया जायेगा। साधारण सम्मेलन में मतदान व मतगणना 2 फरवरी को होगी। रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन की कार्यवाही 3 फरवरी को संपन्न करायी जायेगी। अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसायटी को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों व अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना 5 फरवरी को जारी होगी तथा इनका निर्वाचन 8 फरवरी को होगा। निर्वाचन के समस्त कार्यवाही सोसायटी कार्यालय में संपन्न होगा।

## केन्द्रीय जेल रीवा का विशेष न्यायाधीश ने किया भ्रमण

**रीवा।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट श्रीमती कंचन गुप्ता सहित विधिक सेवा प्राधिकरण अभय मिश्रा, आरती तिवारी एवं अनीषमणि पाण्डेय तथा जेल अधिकारियों की उपस्थिति में केन्द्रीय जेल का भ्रमण कर बंदियों की समस्या संबंध में पूंछतांछ की गई। केन्द्रीय जेल रीवा के महिला वार्ड में परिरूद्ध महिला बंदिनियों से भी जनकारी प्राप्त की गई। भ्रमण के दौरान जेल में परिरूद्ध बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। जेल अधीक्षक ने बंदियों को प्रदान किये जाने वाले भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वरोजगारमूलक प्रशिक्षण के विषय की जानकारी प्रदान की। भ्रमण के दौरान कानून प्रक्रिया के प्रावधान एवं जेल मंद परिरूद्ध बंदियों को विधिक सहायता प्राप्त किए जाने के संबंध में बताया गया।

## आम जनता की आवेदनों पर मौके पर हो रही कार्यवाही, हितग्राहियों को दिया जा रहा विभिन्न योजनाओं का लाभ



**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत निगम द्वारा शिविर का वार्डवार निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। शिविरों मे अब तक 9564 आवेदन प्राप्त हुये जिनमे 9548 स्वीकृत, शेष 16 में कार्यवाही प्रगतिरत है। इस क्रम में 22 जनवरी को निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन मे नगर निगम अंतर्गत जोन क्र. 2 वार्ड 9 निराला नगर सरस्वती स्कूल, रीवा में आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा आयोजित शिविर में आमजन के द्वारा पहुचकर योजनाओं का सीधे लाभ प्राप्त किया जा रहा है। साथ ही आवश्यक सेवाओं का शिविर में आवेदन लेकर निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान शिविर में कार्यपालन यंत्री श्री एचके त्रिपाठी, सहायक राजस्व अधिकारी श्री नीलेश चतुर्वेदी, उपयंत्री श्री रमेश सिंह, जनप्रतिनिधि श्री सतीष सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। शहर के नागरिकों से अनुरोध है कि वे इन शिविरों में भाग लें एवं शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। इस कड़ी में दिनांक 23.01.2025 को जोन क्र. 03 वार्ड 13 सामुदायिक भवन नेहरू नगर रीवा में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया जावेगा।

## कमिश्नर, आईजी और कलेक्टर ने सीमा पर महाकुंभ की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए जुटा रीवा का प्रशासन



**रीवा।** प्रयागराज में महाकुंभ मेला पूरी भक्ति और उल्लास के साथ जारी है। मेले में लाखों श्रद्धालु रोज पहुंच रहे हैं। आगामी 29 जनवरी को अमावस्या तथा 3 फरवरी को बसंत पंचमी पर विशेष स्नान होंगे। इनमें शामिल होने के लिए लाखों श्रद्धालु रीवा जिले से होकर प्रयागराज पहुंचेंगे। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने सोहागी एवं चाकघाट में तीर्थयात्रियों से की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कुंभ में जाने वाले यात्रियों के लिए अधिकतम सुविधाएं सुनिश्चित करें। रीवा से प्रयागराज मार्ग में जहाँ आवश्यक हो वहाँ तत्काल सुधार कराएं। सोहागी घाट में पर्याप्त संकेतक लगाएं। घाट में सड़क के सुधार का कार्य लगातार जारी रखें। पुलिस बल टोल नाके के पास प्रत्येक वाहन को चेक करे। विशेषकर बसों के ड्राइवरों को सचेत करें। यदि कोई ड्राइवर नशे में पाया जाता है तो जुर्माने की कार्यवाही करें। रात में ड्राइवरों को चाय पिलाकर तथा मुंह धुलाकर घाट में आगे बढ़ने के लिए भेजें। साथ ही यह चेतावनी भी दें कि घाट में वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। कमिश्नर ने सड़क निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगाते हुए सड़क में सुधार कार्य तत्परता से करने के निर्देश दिए। कमिश्नर तथा अन्य अधिकारियों ने टोल नाके में सुविधाओं का जायजा लिया। टोल नाके में रखी गई एंबुलेंस बहुत खराब हालत में पाई गई। एंबुलेंस में तैनात उपचार कर्मी अनुपस्थित पाया गया। एंबुलेंस में दवाएं और प्राथमिक उपचार की सुविधा भी नहीं मिली। एंबुलेंस में लगा ऑक्सीजन सिलेण्डर खाली पाया गया। कमिश्नर ने 23 जनवरी को दोपहर एक बजे तक एंबुलेंस में पूरी तरह सुधार करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि एंबुलेंस में सुधार न होने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने तथा जेल भेजने की कार्यवाही करें। कमिश्नर तथा अन्य अधिकारियों ने इसके बाद चाकघाट में तीर्थयात्रियों के लिए बनाए गए रैन बसेरे का निरीक्षण किया। रैन बसेरे में यात्रियों के ठहरने, नहाने-धोने, शौचालय तथा उपचार की व्यवस्था की गई है। कमिश्नर ने कहा कि एसडीएम प्रतिदिन रैन बसेरे का निरीक्षण करें। रैन बसेरे में नगर पंचायत के कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी तथा मेडिकल टीम 24 घंटे तैनात रहे। रैन बसेरे की सुविधाओं की जानकारी देने के लिए आवश्यक बोर्ड और फ्लैक्स लगाएं तथा सोशल मीडिया में भी इसकी जानकारी दें। कमिश्नर ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ मेले में जाने वाले प्रत्येक यात्री के लिए आवश्यक सुविधाएं की जाएंगी।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833